सुविचार

ज़िन्दगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद को बदल लो

# प्रथम न्यूज़

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews



स्विट्जरलैंड ने बिना गोल किए ही कोलंबिया को हरायाभारतीय बल्लेबाज तो फ्लॉप हुए ही...

›› पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्षः16 अंक : 188 | दिनांक : वीरवार, 09 जुलाई 2026 | पन्ने- 8 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

### खार्ग द्वीप पर टकराव की आहट, अमेरिका को ईरान की खुली चेतावनी

# मिडिल ईस्ट में फिर युद्ध के बादल

## एक भी अमेरिकी सैनिक जिंदा नहीं लौटेगा, ईरान की अमेरिका को दोटूक चेतावनी



›› प्रथम न्यूज़ । तेहरान/वॉशिंगटन

08 जुलाई ( एजेंसी )

मध्य-पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में आठ ईरानी सैनिकों के मारे जाने के बाद दोनों देशों के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। ईरान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका उसके रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर हमला करता है तो कोई भी अमेरिकी सैनिक जिंदा वापस नहीं लौटेगा। इब्राहिम रेजाई ने सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कथित धमकी का जवाब देते हुए कहा कि ईरान हर तरह की सैन्य कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लिखा, एक भी अमेरिकी सैनिक जिंदा नहीं लौटेगा। हम तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका खार्ग द्वीप पर नियंत्रण स्थापित कर सकता है और ईरान के तेल बुनियादी ढांचे को अपने कब्जे में लेने की क्षमता रखता है। खार्ग द्वीप ईरान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात इसी द्वीप से होता है। तनाव बढ़ने के बीच ईरान ने बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए। बहरीन में अमेरिकी नौसेना का फिफ्थ फ्लीट तैनात है, जबकि कुवैत में अमेरिकी थलसेना के महत्वपूर्ण ठिकाने मौजूद हैं। कुवैती अधिकारियों के अनुसार, उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने दो बैलिस्टिक मिसाइलों और 13 ड्रोन को मार गिराया।

### ■ ईरान ने बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन-मिसाइल हमले किए

लगातार बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरे मध्य-पूर्व में सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है। यदि दोनों देशों के बीच टकराव और तेज हुआ तो इसका असर वैश्विक तेल बाजार और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

# पंजाब कांग्रेस में फिलहाल नहीं बदलेगा नेतृत्व

## राजा वड़िंग पर हाईकमान का भरोसा कायम

›› प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

08 जुलाई ( एएम नाथ )

पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर चल रही अंदरूनी खींचतान के बीच पार्टी हाईकमान ने प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व पर भरोसा कायम रखने के संकेत दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी के बावजूद फिलहाल प्रदेश नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

पंजाब मामलों के प्रभारी भूपेश बघेल ने चंडीगढ़ में कार्यकारी अध्यक्षों, जिला प्रधानों और वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर संगठन की स्थिति और नेताओं की राय जानी।

### ■ विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन टला

बैठक में अधिकांश नेताओं ने विधानसभा चुनाव नजदीक होने का हवाला देते हुए नेतृत्व परिवर्तन से बचने की सलाह दी। उनका कहना था कि इस समय संगठन में बदलाव से पार्टी को राजनीतिक नुकसान हो सकता है और इसका असर अन्य राज्यों पर भी पड़ सकता है।

बैठक में कुछ जिला अध्यक्ष अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपनी गैरहाजिरी के पीछे निजी और पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों का कारण बताया। वहीं, चन्नी, रंधावा और परगट सिंह सहित कुछ नेताओं ने राजा वड़िंग की मौजूदगी में बैठक में शामिल होने से इनकार किया, हालांकि पार्टी सूत्रों का दावा है कि आगामी बैठकों में सभी नेताओं को साथ लाने का प्रयास जारी है। इस बीच पूर्व उपमुख्यमंत्री ओ.पी. सोनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शमशेर सिंह दूलो, ब्रह्म महिंद्रा, बलबीर सिंह सिद्धू, जगमोहन सिंह कंग, सुखपाल सिंह खैरा समेत कई नेताओं ने भी भूपेश बघेल से मुलाकात कर संगठन की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व का मानना है कि फिलहाल संगठनात्मक ढांचे में किसी बड़े बदलाव से बचना ही उचित होगा। साथ ही नाराज नेताओं को मनाने की कोशिशें जारी हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में पार्टी का अंदरूनी विवाद काफी हद तक सुलझ जाएगा।





## संक्षिप्त न्यूज


### ममता बनर्जी ने आवास के बाहर तीन कार्यकर्ताओं को मारा थप्पड़

#### कोलकाता में टीएमसी-भाजपा समर्थकों में झड़प

**कोलकाता ( ब्यूरो )**- बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में बुधवार को निकाले गए तृणमूल युवा कांग्रेस के विरोध मार्च के दौरान कोलकाता में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच जमकर हंगामा हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ तक निकाली गई रैली के दौरान भाजपा समर्थकों द्वारा नारेबाजी किए जाने और कथित तौर पर अंडा फेंके जाने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और हल्का लाठीचार्ज भी किया गया।

इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ममता बनर्जी अपनी ही पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को थप्पड़ मारती दिखाई दे रही हैं। भाजपा ने इसे लेकर ममता पर निशाना साधा, जबकि टीएमसी का कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करने और कार्यकर्ताओं को सुरक्षित स्थान पर हटाने के दौरान यह घटना हुई तथा इसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

टीएमसी ने दावा किया कि झड़प में उसके 41 कार्यकर्ता और नेता घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ममता बनर्जी ने भाजपा पर रैली में बाधा डालने और पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए टीएमसी पर राजनीतिक नाटक करने का आरोप लगाया।



# हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के दो अधिकारी गिरफ्तार

## 50 करोड़ रुपये गबन के मामले में CBI ने कसा शिकंजा, IDFC फर्स्ट बैंक घोटाले जुड़ा है मामला



›› प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

08 जुलाई ( पुनीत महाजन )

सीबीआई ने हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के दो अधिकारियों को बोर्ड के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खाते से 50 करोड़ रुपये के कथित गबन के मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि CBI ने हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड के दो अधिकारियों को IDFC फर्स्ट बैंक में मौजूद बोर्ड के अकाउंट से 50 करोड़ रुपये के कथित गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह कथित धोखाधड़ी चंडीगढ़ में IDFC फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 ब्रांच में हुए एक बड़े घोटाले का हिस्सा है।

इस घोटाले में राज्य सरकार के आठ विभागों के 504 करोड़ रुपये के फंड को फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट और धोखाधड़ी वाले डेबिट ट्रांज़ैक्शन के ज़रिए निकाल लिया गया और बाद में शेल कंपनियों ( फर्जी कंपनियों ) के ज़रिए इधर-उधर कर दिया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने इस कथित गबन के सिलसिले में अकाउंट्स ऑफिसर जुगल किशोर और अकाउंटेंट अमित कुमार ( कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले ) को गिरफ्तार किया है।

यह मामला हरियाणा सरकार के कहने पर CBI को सौंपा गया था। जांच में पता चला कि HLWB के अकाउंट से 50 करोड़ रुपये के सरकारी फंड का धोखाधड़ी वाले डेबिट ट्रांज़ैक्शन के ज़रिए गबन किया गया और इसे कैपको फिनटेक सर्विसेज, SRR प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स जैसी शेल कंपनियों में भेज दिया गया।

सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि यह कथित धोखाधड़ी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-32 शाखा में हुए एक बड़े घोटाले से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि इस घोटाले में हरियाणा सरकार के आठ विभागों से जुड़े 504 करोड़ रुपये के सरकारी धन को फर्जी सावधि जमा और फर्जी लेनदेन के जरिए निकालकर फर्जी कंपनियों के माध्यम से गबन कर लिया गया।

जांच में पता चला कि ?50 करोड़ का सरकारी फंड गलत तरीके से अनऑथराइज्ड डेबिट ट्रांज़ैक्शन के ज़रिए निकाला गया और शेल कंपनियों ( जैसे कैपको फिनटेक सर्विसेज, SRR प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स) में ट्रांसफर कर दिया गया। एजेंसी ने कहा कि जांच के दौरान इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ ठोस सबूत मिले, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

## ग्रामीण विकास विभाग में होंगी नई भर्तियां, खाली पद जल्द भरेंगे : सुक्खू

**शिमला ( एएम नाथ )**- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में खाली पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने और आने वाले समय में नई भर्तियां करने की घोषणा की है। विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण हिमाचल के समग्र विकास में इस विभाग की अहम भूमिका है और सरकार इसे और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर प्रस्तावित नई योजना प्रदेश के हित में नहीं है, क्योंकि इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा में केंद्र सरकार 100 प्रतिशत धनराशि देती है, जबकि नई व्यवस्था में राज्य को 10 प्रतिशत खर्च वहन करना होगा। इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। बैठक में निर्माणाधीन पंचायत घरों को पूरा करने के लिए 30 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया गया। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऋण सहायता, फूड वैन और उत्पादों के विपणन हेतु शिमला, पंडोह और कुल्लू में सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आवास प्लस प्रणाली में पोस्ट-डिलीशन मॉड्यूल भी शुरू किया गया है।



# तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम मोदी

### ■ मेलबर्न में 'मां तुझे सलाम' की गूंज से हुए गदगद

›› प्रथम न्यूज़ । मेलबर्न

08 जुलाई ( एजेंसी )

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। मोदी इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे साथ ही भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय प्रवासियों और अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



वहीं इस दौरान द्वारा मां तुझे सलाम गीत की शानदार संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खुद प्रधानमंत्री मोदी भी इस सांस्कृतिक प्रस्तुति को देखकर बेहद गदगद नजर आए।

#### अल्बनीज के साथ होने वाली वार्ता को लेकर उत्सुक

ऑस्ट्रेलिया की धरती पर कदम रखने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गया हूं। यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ होने वाली वार्ता को लेकर उत्सुक हैं। मोदी ने कहा, मुझे भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलने का भी अवसर मिलेगा, जो हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

#### मेलबर्न में गर्मजोशी से स्वागत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मेलबर्न में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे और विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कर आपसी हित के सभी क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पंजाब न्यूज
Website : www.prathamnews.in

## संक्षिप्त न्यूज

# लुधियाना के राम लाल भसीन पब्लिक स्कूल में लगी भीषण आग

### सभी छात्रों को सुरक्षित निकाला गया

**लुधियाना ( शाम सुन्दर सरपाल )**- पंजाब के लुधियाना स्थित दुगरी फेज-1 में बुधवार सुबह एक निजी स्कूल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग राम लाल भसीन पब्लिक स्कूल के जनरेटर रूम में लगी, जिसके बाद पूरे स्कूल परिसर में धुआं फैल गया। हालांकि, स्कूल प्रबंधन की तत्परता और दमकल विभाग की मुस्तैदी से सभी छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 9 बजे हुई, जब स्कूल में नियमित रूप से कक्षाएं चल रही थीं। इसी दौरान जनरेटर रूम से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली के पैनल में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल छुट्टी घोषित कर दी और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके अभिभावकों एवं स्कूल वाहनों के माध्यम से घर भेज दिया। समय रहते छात्रों को बाहर निकाल लिए जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया तथा उसे स्कूल की मुख्य इमारत और कक्षाओं तक फैलने से रोक दिया गया।

फिलहाल पुलिस और फायर सेफ्टी विभाग की टीमें मौके पर जांच कर रही हैं। आग लगने के कारणों और स्कूल में सुरक्षा मानकों की भी जांच की जा रही है।

# ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा विगे मल की याद में हुंदल जठेरे परिवार का सलाना मेला 10 जुलाई को



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** हुंदल परिवार की ओर से फतेहपुर गाँव में स्थित गुरुद्वारा ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा विगे मल जी की याद में सालाना मेला बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें नौजवानों के बाद शाम को लड़कियों के कबड्डी मैच आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए हुंदल परिवार के सेवादारों जिनमें मुख्य सेवादार बाबा शिंगारा सिंह, रिटायर्ड थानेदार स्वर्णजीत सिंह, एडवोकेट सिकंदर सिंह, करमजीत सिंह, बलबीर सिंह, सुखविंदर सिंह सेठी, बलराज सिंह राजू और दविंदर सिंह ने बताया कि वे कई सालों से अपने जठेरो (पूर्वजों) की प्यारी याद में यह मेला बहुत श्रद्धा और धूमधाम से आयोजित करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार यह मेला शुक्रवार, 10 जुलाई को मनाया जा रहा है। इसमें मशहूर रागी-ढाडी और कीर्तन जत्थे आ रहे हैं। इसके अलावा, कबड्डी मैचों के लिए मशहूर टीमें गोपी फरंदीपुरिया, बाबा बिधिचंदिया और बाबा शोभा सिंह कबड्डी टीम भी आ रही हैं। सुबह से लेकर शाम तक गुरु साहिब का लंगर प्रसाद संगत में वितरित किया जाएगा।

# खालसा कॉलेज माहिलपुर में स्थापित और नए कोर्सों में दाखिले जारी

**होशियारपुर /माहिलपुर, ( तरसेम दीवाना )**- यहाँ के श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज माहिलपुर में सत्र 2026-27 के तहत चल रहे विभिन्न स्थापित और नए कोर्सों में दाखिले जारी हैं और इलाके के विद्यार्थियों का दाखिलों के प्रति बड़ा उत्साह देखा जा रहा है।

इस बारे में बात करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों के दाखिले संबंधी विशेष दाखिला और काउंसलिंग सेल भी चल रहा है और गांवों में स्थापित दाखिला केंद्रों में पहुँचकर भी विद्यार्थी अपने पसंदीदा कोर्सों में दाखिले हासिल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत योग्य एससी, एसटी विद्यार्थियों से सिर्फ यूनिवर्सिटी फीस ही ली जा रही है और संस्थान में अन्य विभिन्न वजीफा राशि योजनाएं भी सफलतापूर्वक चल रही हैं, जिनसे इलाके के होनहार और विभिन्न वर्गों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी बड़ा लाभ मिलता है।

उन्होंने कहा कि कॉलेज में बी.एससी (साइबर सिक्योरिटी), बी.एससी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सहित कई नए हुनर केंद्रित और रोजगारोन्मुखी कोर्स आरंभ किए गए हैं, जिनमें दाखिला हासिल करके विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के दौरान ही अच्छे रोजगार के भागीदार बन सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने दाखिला लेने आए विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सों में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी करें, वोट का अधिकार और योजनाओं का लाभ सुरक्षित रखें : मान

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में भाग लेने की मुख्यमंत्री की अपील, महिलाओं को मिलने लगी सहायता राशि

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
08 जुलाई ( एएम नाथ )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के सभी पात्र मतदाताओं से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में समय पर भाग लेने और एसआईआर फॉर्म भरने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नई मतदाता सूची में नाम दर्ज रहने से ही नागरिक अपने संवैधानिक मतदान के अधिकार का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर %मांवां-धियां सत्कार योजना% का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए भी इस प्रक्रिया को पूरा करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी नागरिक को एसआईआर फॉर्म भरने में कठिनाई आती है तो वह आम आदमी पार्टी के स्थानीय स्वयंसेवकों से सहायता ले सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस प्रक्रिया में लोगों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

मान ने मांवां-धियां सत्कार योजना की शुरुआत पर प्रदेश की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि सरकार ने अपना एक और बड़ा वादा पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में वित्तीय सहायता जमा होने संबंधी संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य की लगभग 97 प्रतिशत महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिसके लिए सरकार ने 9,300 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है।

# पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
08 जुलाई ( साहिब दयाल )



कांग्रेस पार्टी के पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी फताहपुर के संत विहार में आयोजित कांग्रेस की बैठक में शामिल होने पहुंचे उनके साथ विकास सोनी भी शामिल थे । यह मीटिंग पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता महिंदर पाल के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में पार्टी को और से अधिक मजबूती देने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि कांग्रेस ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। ओम प्रकाश सोनी ने कहा, कांग्रेस की आम बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है और पार्टी को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके इलाके में आ रही मुश्किलों के बारे में उनके साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है।

उन्होंनो कहा कि कांग्रेस आने वाले समय की राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। वहीं वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्रपाल ने कहा कि इलाके में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह मजबूत है। फताहपुर इलाके में कांग्रेस संगठन मजबूती के साथ काम कर रहा है।

इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता महिंदरपाल, विकास सोनी, वार्ड नंबर 51 से पार्षद पति कमल पहलवान, प्रधान रणजीत सिंह, बलजीत सिंह बल, हरप्रीत सिंह, गंगा सिंह, संजीव कुमार महाजन, शमशेर सिंह, सुरिंदर कुमार, अमरीक सिंह, सुखदेव सिंह आदि मौजूद थे।

# 10 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर लुटेरे कॉरपोरेट्स, भारत छोड़ो का नारा लगाया जाएगा

» प्रथम न्यूज । जालंधर
08 जुलाई ( कुलदीप सिंह )



डॉ. सतनाम सिंह अजनाला की अध्यक्षता में दलित सरवन सिंह चीमा भवन गढ़ा, जालंधर में लोकतांत्रिक किसान सभा पंजाब राज्य समिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सतनाम सिंह अजनाला ने एक अन्य किसान संगठन, पंजाब किसान यूनियन के साथ चल रही एकता की प्रक्रिया के संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित राज्य समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसके साथ ही लोकतांत्रिक किसान सभा पंजाब और पंजाब किसान यूनियन ने अपनी एकता की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस संबंध में डॉ. अजनाला ने कहा कि एकता की इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए दोनों संगठन 20-21 सितंबर को जालंधर में संयुक्त रूप से एक देश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की शुरुआत 20 सितंबर को किसानों की एक बड़ी रैली के आयोजन से होगी, जिसमें सात सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आने वाले दिनों में जिम्मेदारियों के बंटवारे के बाद समितियों का गठन किया जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए सभा के महासचिव कुलवंत सिंह संधू ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 22 जुलाई को राज्य के सभी टोल प्लाजा नि:शुल्क किए जाएंगे और भाजपा नेताओं और उनके कार्यालयों के सामने धरना प्रदर्शन करके भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते का कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर देश भर में अभियान चलाया जाएगा और %लॉटरी कॉरपोरेट्स भारत छोड़ो% का नारा लगाया जाएगा। प्रेस सचिव हरनेक सिंह गुर्जरवाल ने बैठक की कार्यवाही प्रेस को जारी करते हुए बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए पंजाब के सभी जिलों की बैठकें निर्धारित की गई हैं।

इन बैठकों में निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बजट तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर अन्यों के अलावा रघवीर सिंह बेनीपाल, मनजीत सिंह बग्गू, रेशम सिंह फरोके, मलकीत सिंह नियाल, दर्शन सिंह बेलू माजरा, मुख्तियार सिंह मुक्का, परगट सिंह जमाराय, मेजर सिंह खुरलापुर, मोहन सिंह धमाना, स्वर्ण सिंह मुकेरियां, हरजीत सिंह काहलो, धर्मपाल सिंह सैनी, मनोहर सिंह गिल, मास्टर दलजीत सिंह दयालपुरा, हरभजन सिंह मजीठा, संतोख सिंह बिलगा, कुलदीप सिंह फिलौर, उधम सिंह संतोखपुरा, महिंदर सिंह मोहाली आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण एवं कृषि श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे द्वारा 5 अगस्त को जालंधर में राज्यव्यापी रैली का आयोजन किया जाएगा

» प्रथम न्यूज । जालंधर
08 जुलाई ( कुलदीप सिंह )



साथी दर्शन नहर की अध्यक्षता में जालंधर के देश भगत यादगार में ग्रामीण श्रमिक सभा की राज्य कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई।

देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति की विस्तृत जानकारी देते हुए विधानसभा के राज्य महासचिव गुरनाम सिंह दाऊद ने कहा कि मोदी सरकार ने उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण की नीतियों को तेजी से लागू करके सार्वजनिक क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है। महंगाई ने गरीबों और आम लोगों की जिंदगी को दुगना कर दिया है। पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें बढ़ाकर उन्होंने इस बोझ को और भी बढ़ा दिया है। बेरोजगारी हर हद पार कर चुकी है। एमजीएनआरईजीए कानून को खत्म करके और विकसित भारत जी राम जी कानून लागू करके मजदूरों की जलती हुई भट्टियों को ठंडा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से मजदूर संगठन लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन नारों और खोखले वादों के सिवा कुछ हासिल नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने पांच बार बैठकें बुलाने से इनकार कर दिया और कैबिनेट उप-समिति द्वारा बैठकों में स्वीकार की गई मांगों को लागू नहीं किया गया, जिससे मजदूरों के मन में भारी असंतोष पैदा हो गया है।

श्रमिकों के लिए पूरे वर्ष स्थायी रोजगार की व्यवस्था की जाए, नए जी राम जी अधिनियम को निरस्त किया जाए और एमजीएनआरईजीए अधिनियम को बहाल किया जाए, वयस्कों को प्रतिदिन 700 रुपये दिए जाएं, विधवा, वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन को बढ़ाकर 700 रुपये किया जाए। 5000/- रुपये प्रति माह, पिछले साढ़े चार वर्षों का बकाया महिलाओं के खातों में जमा करना, जरूरतमंद परिवारों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराना और मकान निर्माण के लिए अनुदान प्रदान करना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सरकारी डिपो से रसोई के सामान सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना और जरूरतमंदों के रद्द किए गए राशन कार्ड बहाल करना, पंचायत की भूमि में से आरक्षित हिस्सा श्रमिकों को देना और भूमि परिसीमन कानून लागू करना तथा अतिरिक्त भूमि भूमिहीन श्रमिकों को हस्तांतरित करना।

भूमि को 100 भागों में विभाजित करें, श्रमिकों द्वारा लिए गए सभी ऋणों को माफ करें, श्रम कानूनों को बहाल करें और विरोध प्रदर्शनों के दौरान लड़ने वालों के खिलाफ दायर सभी मामलों को रद्द करें।

रैली की तैयारियों के लिए 20 से 3 जुलाई तक जिलों और गांवों में बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि कार्यकर्ताओं को संगठित किया जा सके।

# टांडा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः विभिन्न मुकदमों में वांछित 5 गिरफ्तार

**होशियारपुर/टांडा, ( तरसेम दीवाना )** - होशियारपुर जिले के भीतर असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत टांडा पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब पुलिस टीमों ने विभिन्न मुकदमों में वांछित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक होशियारपुर श्री संदीप कुमार मलिक आईपीएस के दिशा-निर्देशों के तहत, डॉक्टर मनप्रीत कौर शीहमार एसपी (डी) होशियारपुर और श्री देवेंद्र सिंह बाजवा डी.एस.पी. सब डिविजन टांडा के नेतृत्व में टांडा इलाके में विशेष अभियान चलाया गया था। इसी के तहत इंस्पेक्टर गुरिंदरजीत सिंह नागरा मुख्य अधिकारी थाना टांडा द्वारा विभिन्न टीमों का गठन कर रेड करते हुए 05 विभिन्न मुकदमों के वांछित कथित आरोपियों को काबू किया गया।

जिनमें हरदीप सिंह पुत्र जगदीश वासी गांव दाता, थाना टांडा) शामिल है जो मुकदमा नंबर 221, अधीन धारा 22/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना टांडा में वांछित था। इसके अलावा बुद्ध सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह वासी गांव कठना, थाना श्री हरगोबिंदपुर, बटाला जो मुकदमा नंबर 118, अधीन धारा 61-1-14 एक्साइज एक्ट के तहत वांछित था। तीसरा कथित आरोपी तेजिंदर सिंह उर्फ चन्नी पुत्र प्रगट सिंह (वाशिंदा पांच ग्राहीयां, थाना रंगड़ नंगल, गुरदासपुर जो मुकदमा नंबर 20, अधीन धारा 333,103,109,3(5) बीएनएस, 25,27 असला एक्ट (वाधाह जुर्म 61(2) बीएनएस, 452,302,307,34 आईपीएस और 120-B IPC) के तहत वांछित था। चौथा कथित आरोपी अमनदीप नाहर पुत्र महिंदर सिंह वासी गांव मूनक कलां, थाना टांडा जो मुकदमा नंबर 111, अधीन धारा 61-1-14 एक्साइज एक्ट के तहत वांछित था।

अभिजित हंस पुत्र पीरू राम वासी गांव खोतेवाहा, थाना टांडा जो मुकदमा नंबर 153, अधीन धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना टांडा में वांछित था। देवेंद्र सिंह बाजवा डीएसपी ने कहा कि समाज विरोधी और बुरे तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और इलाके में अमन-कानून की स्थिति को बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।



# जिला ट्रेडर्स कमीशन की अहम बैठक में; व्यापारिक समस्याओं पर हुआ मंथन



» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
08 जुलाई ( संदीप सन्नी )

जिला ट्रेडर्स कमीशन गुरदासपुर के जिला प्रभारी चरणजीत सिंह पारोवाल की अध्यक्षता में गुरदासपुर में स्थानीय व्यापारियों और विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़ी मुख्य समस्याओं व मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में जिला भर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के चेयरमैन विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजीव सैनी (चेयरमैन, हलका दीनानगर), किरपाल सिंह उदोवाली (चेयरमैन, हलका बटाला), रुपिंदर सिंह रोमी (हलका चेयरमैन, श्री हरगोबिंदपुर साहिब), गुरप्रीत सिंह गिल (चेयरमैन, हलका डेरा बाबा नानक) और अश्वनी कुमार दुग्गल (चेयरमैन, हलका कादियां) शामिल रहे।

**लंबित मामलों के समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से होगी मुलाकात :** बैठक के दौरान जिला प्रभारी चरणजीत सिंह पारोवाल ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए चेयरमैनों से उनके इलाकों के व्यापारिक मुद्दों, बाजारों की बुनियादी जरूरतों और प्रशासनिक अड़चनों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया।

उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा व्यापारियों की जिन समस्याओं का निपटारा अभी तक नहीं हो सका है, उनके त्वरित समाधान के लिए बहुत जल्द जिला स्तर के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक की जाएगी, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

### पोर्टल के माध्यम से रखी जा रही है पैनी नजर

चरणजीत सिंह पारोवाल ने आगे जानकारी साझा करते हुए बताया कि पंजाब सरकार व्यापारियों और दुकानदारों की शिकायतों का पारदर्शी तरीके से निपटारा करने के लिए पूरी तरह गंभीर है।

इसी उद्देश्य के तहत सरकार के आधिकारिक डिजिटल पोर्टल पर व्यापारियों की शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की जा रही हैं और उनके समाधान के स्तर की लगातार ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन सिस्टम की प्रगति को लेकर कमीशन द्वारा स्थानीय जिला प्रशासन के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं, ताकि जमीनी स्तर पर व्यापारियों के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा सके।

# गाँव पब्बाराली में खेल मैदान की रखी आधारशिला; युवाओं को मिलेगा आधुनिक स्टेडियम का तोहफा

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
08 जुलाई ( संदीप सन्नी )



डेरा बाबा नानक से विधायक गुरदीप सिंह रंधावा ने कहा है कि स्वस्थ शरीर, गतिशील मन के मूल सिद्धांत के तहत मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा युवाओं को खेल मैदानों का बेहतरीन तोहफा दिया जा रहा है। इसी कड़ी के अंतर्गत विधायक रंधावा द्वारा सीमावर्ती गाँव पब्बाराली में भारी संख्या में मौजूद ग्रामीण वासियों की उपस्थिति में एक आधुनिक खेल स्टेडियम की आधारशिला रखी गई।

गाँव के सरपंच हीरा सिंह के विशेष प्रयासों से आयोजित की गई इस बैठक के दौरान विधायक रंधावा ने पंजाब सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों और ग्रामीण विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान गाँव वासियों ने सरकार के अब तक के कामकाज पर पूर्ण संतोष व्यक्त करते हुए विधायक को अपना भरपूर समर्थन दिया।

**पंजाब में फिर से प्रफुल्लित हो रहा है खेल संस्कृति :** एकत्रित जनसमूह और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब को खेल के क्षेत्र में देश का नंबर-वन राज्य बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार राज्य के भीतर खेल अनुकूल माहौल तैयार कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को दोबारा प्रफुल्लित किया जा सके। उन्होंने आगे कहा विधानसभा क्षेत्र डेरा बाबा नानक के अलग-अलग गाँवों के भीतर आधुनिक खेल मैदान और ट्रैक तैयार किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचल के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलों के साथ जोड़ा जा सके और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाया जा सके।

### राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 8,000 रुपये प्रति माह वजीफा

पंजाब सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए गए बड़े कदमों की जानकारी देते हुए विधायक ने बताया कि राज्य में %बलबीर सिंह सीनियर वजीफा योजना% की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर पोजीशन हासिल करने वाले राज्य के होनहार खिलाड़ियों को 8,000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार के इन क्रांतिकारी प्रयासों से पंजाब खेल की दुनिया में एक बार फिर से देश का अग्रणी सूबा बनेगा। उन्होंने अंत में कहा कि गाँव पब्बाराली में बनने वाले इस खेल स्टेडियम के निर्माण से इस गाँव और इसके साथ लगते अन्य आस-पास के गाँवों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय फलक पर पदक जीतने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। वे संपूर्ण हलके के सर्वपक्षीय विकास के लिए पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित हैं।



# सूटकेस आरोपों पर मुख्यमंत्री दें जवाब, प्रदेश की जनता सच जानना चाहती है : जयराम ठाकुर

## धर्मशाला में भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में बोले जयराम, वैचारिक रूप से मजबूत कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत

### हिमाचल में कानून-व्यवस्था चरमराई, अपराध बढ़ने पर सुक्खू सरकार को जयराम ने घेरा

» प्रथम न्यूज । धर्मशाला
08 जुलाई ( एएम नाथ )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने धर्मशाला में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री से कथित सूटकेस संबंधी आरोपों पर जवाब देने की मांग करते हुए कहा कि यह आरोप भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने लगाए हैं, इसलिए प्रदेश की जनता को इसकी सच्चाई बताई जानी चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अन्य मुद्दों की बजाय इन आरोपों पर स्पष्ट जवाब दें। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में कांगड़ा के लिए शुरू की गई कई विकास परियोजनाओं को रोकने या उनमें बाधाएं उत्पन्न करने का काम किया है।

उन्होंने बिलासपुर में दिनदहाड़े एक युवक की कुल्हाड़ी से हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि राज्य में हत्या और हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों



पर कार्रवाई करने के बजाय अपनी आलोचना करने वाले मीडिया संस्थानों और विपक्षी नेताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इससे पहले जयराम ठाकुर ने धर्मशाला के डाढ़ चामुंडा में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने चामुंडा देवी टेम्पल में पूजा-अर्चना भी की तथा धर्मशाला नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर, उपमहापौर, पार्षद और पंचायत समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैचारिक रूप से सशक्त, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त न्यूज

### क्रेच सेंटर चंगर शहरी सर्कल में क्रेच वर्कर व क्रेच हेल्पर के पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर( जितेंद्र गौतम ):** बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर बिलासपुर सत्या ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनवाड़ी कम क्रेच केंद्र चंगर शहरी सर्कल में मानदेय आधार पर एक क्रेच वर्कर तथा एक क्रेच हेल्पर के रिक्त पद को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी प्रकार आंगनवाड़ी कम क्रेच केंद्र लुहणू सर्कल (सदर-1) में मानदेय आधार पर क्रेच हेल्पर के एक रिक्त पद को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि क्रेच वर्कर तथा क्रेच हेल्पर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा संबंधित आंगनबाड़ी कम क्रेच केंद्र के फीडर क्षेत्र की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर की जाएगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, सामाजिक श्रेणी से संबंधित मानदंड तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर, बिलासपुर के कार्यालय में निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से फीडर एरिया प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (दसवीं, बारहवीं व अन्य), आय प्रमाण पत्र, नवीनतम परिवार नकल, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 28 जुलाई सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है, जबकि साक्षात्कार 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे से एसडीएम सदर कार्यालय, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि



**पट्टा मेहलोग, 8 जुलाई ( तारा )** विकास खंड पट्टा मेहलोग के तहत कृष्णगढ़ पंचायत के लोगों ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की पांचवी पुण्य तिथि पर उनकी सुसराल कृष्णगढ़ में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पंचायत के प्रधान पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह जमीनी स्तर से जुड़े नेता थे व उनका एक छत्र राज था।उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व के काल में उन्होंने कृष्णगढ़ व आसपास के क्षेत्र को विकासात्मक रूपी अनेक सौगातें दी, जिनमें कृष्णगढ़ को उप तहसील का दर्जा, आई टी आई,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,सिंचाई योजना सहित अन्य कई कार्य जन हित में किए हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा विकास में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस मौके पर पंचायत प्रधान पुष्पेंद्र कुमार के इलावा ठाकुर दास,संजीव शर्मा,मदन फौजी,शंकर जय कृष्ण,रुद्र सिंह कंवर,प्रीतम शर्मा,विद्या देवी,धीरज,प्रेमराज व रामलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पद अस्थायी, कार्यकर्ता की पहचान स्थायी होती है : संजय टंडन



**धर्मशाला ( वंदना शर्मा )-** भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कांगड़ा जिला के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि पार्टी में पद समय के साथ बदल सकते हैं, लेकिन एक कार्यकर्ता की पहचान कभी समाप्त नहीं होती। कार्यकर्ता सदैव सक्रिय रहता है और संगठन के प्रति उसका समर्पण ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है।

संजय टंडन ने कहा कि संगठन में कई लोग पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद या पूर्व विधायक हो सकते हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति कभी पूर्व कार्यकर्ता नहीं हो सकता। कार्यकर्ता जीवनभर संगठन का अभिन्न अंग रहता है और यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन के कारण विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की कार्यपद्धति, कार्यालय व्यवस्था, कार्यक्रमों, संगठनात्मक संरचना, वित्तीय अनुशासन तथा पार्टी की कार्यसंस्कृति का समुचित ज्ञान होना चाहिए। संगठन की मजबूती केवल पदों से नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिम्मेदारी और समर्पण से सुनिश्चित होती है। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी ने कहा कि अनेक लोग संगठन में पद प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन भाजपा की कार्यशैली पद की नहीं बल्कि दायित्व निभाने की संस्कृति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने दायित्वों को ईमानदारी, निष्ठा और क्षमता के साथ निभाता है, संगठन स्वयं ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

संजय टंडन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पद सम्मान का विषय अवश्य है, लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारियों का निर्वहन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पद की अपेक्षा सेवा, संगठन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें तथा पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।




# हिमाचल में भारी बारिश का कहर

## मंडी में भूस्खलन से हाईवे बाधित, बस पर गिरा पत्थर, एक यात्री घायल

» प्रथम न्यूज । मंडी
08 जुलाई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश में बुधवार सुबह भारी वर्षा हुई। मंडी जिला में भारी वर्षा ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। पठानकोट-मंडी एनएच पर मैगल के पास मलबा गिरने के कारण पुराना एनएच बाधित हो गया, जिस कारण बड़ी गाड़ियों को रोक दिया गया, जबकि छोटी गाड़ियां नए फोरलेन से भेजनी पड़ीं।

वहीं एचआरटीसी बस पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया है। पहाड़ी से पत्थर शीशा तोड़कर अंदर आ घुसा। सीट पर बैठी सवारी पत्थर और शीशे टूटने से घायल हो गई। बस पराशर से मंडी आ रही थी।

पठानकोट-मंडी एनएच पर मंडी से 10 किलोमीटर दूर मैगल के पास पहले ही पहाड़ी दरक रही थी, ऐसे में बुधवार सुबह हुई भारी वर्षा से आया मलबा सड़क के बाद सीधा नए फोरलेन तक चला गया। हालांकि फोरलेन को नुकसान नहीं हुआ है लेकिन पुराने एनएच पर यातायात बाधित है। वहीं दूसरी ओर भारी वर्षा के कारण ग्रामीण इलाकों में कई जगह पर पहाड़ से मलबा आने के कारण निगम के रूट भी प्रभावित रहे। इसके अलावा टिक्कर क्षेत्र में भी पहाड़ से मलबा आने के कारण बस नहीं जा सकी।

वहीं मलौरी टनल के पास भी पत्थर गिरे हैं, जबकि मंडी बाईपास पर भी पहाड़ से पत्थर गिरने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई।

वहीं कुल्लू में बादल फटने के बाद बुधवार को पंडोह बांध के गेट भी खोले गए, जिस कारण ब्यास नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से एक फीट नीचे तक पहुंच गया।

# सोलन नगर निगम की अधिसूचना में देरी से विकास कार्य ठप, जनता हो रही परेशान : संजीव कटवाल


» प्रथम न्यूज । सोलन
08 जुलाई ( बी.शर्मा )

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने सोलन नगर निगम के चुनाव संपन्न होने के बावजूद अब तक अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी न होने पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर सोलन की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नगर निगम का विधिवत गठन नहीं हो पाया है, जिसके कारण विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

संजीव कटवाल ने कहा कि नगर निगम की अधिसूचना जारी न होने के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि अपना कार्यभार ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं और नगर निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। इससे शहर के विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है और जनता की अपेक्षाओं पर पानी फिर रहा है।

उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी आम नागरिकों को उठानी

**कांग्रेस सरकार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे सोलन के लोग, छोटे-छोटे काम भी अटके : संजीव कटवाल**



पड़ रही है। जन्म, मृत्यु, निवास तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित अनेक छोटे-छोटे कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा पेयजल, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि नगर निगम अप्रैल माह से प्रभावी रूप से निष्क्रिय स्थिति में है। सरकार केवल वैकल्पिक व्यवस्थाओं की बातें कर रही है, लेकिन धरातल पर आम जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक उदासीनता और निर्णय लेने में देरी के कारण सोलन शहर का विकास बाधित हो गया है।

संजीव कटवाल ने प्रदेश सरकार से मांग की कि नगर निगम सोलन की अधिसूचना तत्काल जारी कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए, ताकि निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की सेवा में जुट सकें और शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के हितों से जुड़े इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी और कांग्रेस सरकार को उसकी प्रशासनिक विफलताओं के लिए जवाबदेह बनाएगी।

### 133 हिमाचल इको वॉरियर्स द्वारा चायल वनों में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान आयोजित : नो योर टीए संगोष्ठी को समर्पित



**शिमला, ( सार्बजीत धर्मानी ) -** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत तथा नो योर टीए संगोष्ठी को समर्पित 133 हिमाचल इको वॉरियर्स (पर्यावरणी) द्वारा चायल उपमंडल के दरभोग एवं भरारिया वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का आयोजन पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच (एनजीओ), वन विभाग के प्रतिनिधियों तथा राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय, भरारिया एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भरारिया के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से किया गया।

इस अभियान में स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन तथा हरित एवं सतत हिमाचल प्रदेश के निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। साथ ही, इस पहल के माध्यम से नो योर टीए संगोष्ठी के अंतर्गत प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की पर्यावरण संरक्षण एवं जनसहभागिता में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया।






# अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार से ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

» प्रथम न्यूज । शिमला
08 जुलाई ( बी.शर्मा )

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संचालित नीतियों एवं योजनाओं से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला शिमला में विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अनुमोदित सांस्कृतिक दलों द्वारा अनुसूचित जाति की अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटकों एवं गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने संबंधी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। सांस्कृतिक दलों द्वारा बताया गया कि ऐसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवार, जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम है, उन्हें अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीन तथा बढ़ई एवं लोहार के कार्य के लिए औजार उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसी प्रकार स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र लाभार्थियों को मकान निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, बीपीएल तथा 2 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों को पीजीडीसीए/डीटीपी का एक वर्षीय निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं, अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। अभियान के अंतर्गत दि बिगिनर्स ग्रुप द्वारा ग्राम पंचायत चमियाना के गांव मलौठी तथा ग्राम पंचायत चैडी, त्रिमूर्ति रंगमंच द्वारा ग्राम पंचायत ननखड़ी तथा ग्राम पंचायत ननखड़ी के गांव लेटेडी चलेडी, हिमाचल कला मंच सरोग द्वारा ग्राम पंचायत डन्सा तथा ग्राम पंचायत धारगोरा एवं जय देव कुर्गन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा ग्राम पंचायत खटनोल तथा ग्राम पंचायत बसंतपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चमियाना के गांव मलौठी की प्रधान लीला वर्मा, ग्राम पंचायत चैडी की प्रधान हेमलता, ग्राम पंचायत ननखड़ी के प्रधान अमृत मेहता, ग्राम पंचायत ननखड़ी के गांव लेटेडी चलेडी के उपप्रधान बहादुर सिंह, ग्राम पंचायत डन्सा की प्रधान पदमा कुमारी, ग्राम पंचायत धारगोरा की प्रधान संदीपा कश्यप, ग्राम पंचायत खटनोल के प्रधान दशोधा तथा ग्राम पंचायत बसंतपुर के प्रधान देवी राम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

**चिट्टा जैसे जानलेवा नशों से दूर रहने के लिए किया जागरूक**

इस अवसर पर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों तथा चिट्टा जैसे जानलेवा नशों से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। अभिभावकों से अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें नशे से दूर रखने का आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त लोगों को छात्रवृत्ति, स्वरोजगार, कौशल विकास, आवास, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

# पीजीआई चंडीगढ़ में प्रशिक्षण से धुन्दन विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखे स्वास्थ्य सेवा के गुर

*ऑन जॉब ट्रेनिंग ने संवारे हेल्थ केयर विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल, पीजीआई में व्यावहारिक प्रशिक्षण, धुन्दन स्कूल के विद्यार्थियों को मिला करियर का नया अनुभव*

» प्रथम न्यूज । अर्की
08 जुलाई ( योगेश चौहान )

उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुन्दन के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के हेल्थ केयर (वोकेशनल) संकाय के मेधावी विद्यार्थियों ने पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई), चंडीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) कार्यक्रम में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े व्यावहारिक कौशल अर्जित किए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने पीजीआई के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। उन्हें अस्पताल की कार्यप्रणाली, मरीजों की देखभाल, अस्पताल प्रबंधन तथा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य क्षेत्र की कार्यशैली को नजदीक से समझा और व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया।

प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा ने बताया कि इस प्रकार की ऑन जॉब ट्रेनिंग विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।

विद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पीजीआई, चंडीगढ़ के अधिकारियों एवं प्रशिक्षण दल का आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुभव का लाभ अपने भविष्य के अध्ययन और करियर में उठाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



आज का

# संपादकीय

## मनमानी का नतीजा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम पर बनी सहमति कायम हुए 20 दिन भी नहीं हुए कि दोनों देश न केवल फिर से आमने-सामने आ गए, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कह दिया कि मेरे हिसाब से अब युद्ध विराम खत्म हो चुका है। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि ईरान का नेतृत्व करने वाले बुरे एवं बीमार मानसिकता के हिंसक लोग हैं और अब उनसे बात करना समय की बर्बादी है। विश्व समुदाय के लिए इससे बुरी खबर और कोई नहीं हो सकती, क्योंकि यह टकराव तेल और गैस के दामों में उछाल लाने का कारण बनेगा।

अमेरिका और ईरान इसलिए फिर टकराव की राह पर आए, क्योंकि ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग से गुजर रहे तीन जहाजों पर यह कहकर हमला कर दिया कि वे तय रास्ते से नहीं निकल रहे थे और उन्होंने उसकी चेतावनी की भी अनदेखी की। ईरान की इस कार्रवाई से चिढ़े अमेरिका ने न केवल उसके कई ठिकानों पर बमबारी की, बल्कि उसे दी गई तेल बिक्री की छूट भी खत्म कर दी। इसके जवाब में ईरान ने भी खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। यह सब उस समय हो रहा है, जब ईरान अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करने में लगा हुआ है।

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि जैसे ईरान होर्मुज पर आधिपत्य जमाने की बेजा कोशिश कर रहा है, वैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति भी दुनिया को यह दिखाने को आतुर हैं कि वे ईरान को अपनी शर्तों पर झुकने के लिए बाध्य करके रहेंगे। ट्रंप इसीलिए मनमानी कर पा रहे हैं, क्योंकि वे अमेरिकी संसद द्वारा युद्ध रोकने के प्रस्ताव को तब तक खारिज करने में समर्थ हैं, जब तक दोनों सदन दो तिहाई बहुमत से राष्ट्रपति के वीटो अधिकार के खिलाफ प्रस्ताव न पारित कर दें। ट्रंप के पास यह तर्क भी है कि युद्ध विराम हो जाने के कारण 60 दिन की वह समय सीमा समाप्त हो गई, जिसके तहत कहीं युद्ध छेड़ने के लिए संसद की औपचारिक मंजूरी की आवश्यकता होती है।

साफ है कि ट्रंप अपनी शक्तियों का मनमाना इस्तेमाल कर रहे हैं। सच यह भी है कि होर्मुज को लेकर ईरान भी मनमानी कर रहा है, क्योंकि वह खुद को पश्चिम एशिया का नीति-नियंता यानी दादा साबित करना चाहता है। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराने वाले पाकिस्तान एवं कतर जैसे देश इसलिए असहाय और निरुपाय हैं, क्योंकि उनकी अमेरिका के सामने कोई हैसियत नहीं। पाकिस्तान तो संदेशों का आदान-प्रदान करने के अलावा और कुछ कर ही नहीं सकता। एक नाजुक युद्धविराम के खत्म होने की कगार पर पहुंचने से हैरानी नहीं, लेकिन यह विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी ही है। इससे अमेरिका, ईरान के साथ पुरी दुनिया को नुकसान होगा।

-सम्पादक



# राष्ट्र निर्माण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साधक

**देश की आजादी तदोपरांत प्रत्येक क्षेत्र में लोगों ने काम करने का बेड़ा उठाया। शिक्षा क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को हल करवाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नामक छात्र संगठन का गठन किया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का गठन 9 जुलाई 1949 को दिल्ली में हुआ था।शुरुआत के दिनों में इस छात्र संगठन का काम इतना नहीं रहा,मगर कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत,लग्न का नतीजा की आज देश का सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में जाना जाता है।प्रत्येक बर्ष 9 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस कालेजों,विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में मनाया जाता है।**



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र पत्रकार नूरपुर

इस छात्र संगठन के लोग इसे अवसर की तरह मनाते हुए मिठाइयां बांटते हैं।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले सात दशकों से शिक्षण संस्थानों में अपनी गतिविधियां निरंतर चला रहा है।दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करते हुए उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किए जाने में अपनी अहम भूमिका निभाता जा रहा है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना है।ठीक इसी वजह से यह छात्र संगठन ज्ञान शील एकता,विद्यार्थी परिषद की एकता आधारित है।देश की सबसे बड़ी भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से निकले हुए नेता हैं।एबीबीपी से निकले हुए छात्र नेता आज विभिन्न क्षेत्रों में बहुत ही बढ़िया काम करते हुए समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं।

संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद् के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्टशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्टीय पुनर्निर्माण है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित और राष्ट हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने छात्र-हित से लेकर भारत के व्यापक हित से सम्बद्ध समस्याओं की ओर बार-बार ध्यान दिलाया है। बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ और कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए विद्यार्थी परिषद् समय-समय पर आन्दोलन चलाता रहा है। बांग्लादेश को तीन बीघा भूमि देने के विरुद्ध परिषद् ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ बार-बार आवाज उठाती रही है। इसके अतिरिक्त अलगाववाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी राष्टविरोधी गतिविधियों के खिलाफ हम लगातार संघर्षरत रहे हैं। बिहार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नाम सबसे ज्यादा रक्तदान करने का रिकॉर्ड है । इसके अलावा वैसे निर्धन मेधावी छात्र, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निजी कोचिंग संस्थानों में नहीं जा सकते, उनके लिये स्वामी विवेकानंद निःशुल्क शिक्षा शिविर का आयोजन किया जाता है।

एबीबीपी में तीन प्रकार की गतिविधियां बर्ष भर चली रहती हैं। छात्रों को राष्टवादी संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाता है।नए शिक्षा सत्र में शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने वाले छात्रों को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाकर उन्हें इसके मूल उद्देश्यों बारे बताया जाता है।कालेज,विश्वविद्यालय प्रबंधन और सरकारों के छात्र विरोधी फैसलों खिलाफ आवाज उठाकर उन्हें छात्र हित में मनवाना ही इस छात्र संगठन का ध्येय है।एबीबीपी विधारधारा अनुसार आज का छात्र कल का जिमेदार नागरिक है।आज का युवा सिर्फ किताबी कीड़ा बनकर ही न रह जाए उसका सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास होना भी बहुत जरूरी है।ऐसे छात्रों को समाज और राष्ट के पुनर्निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में बर्ष भर अनेकों गतिविधियां करवाई जाती जिससे छात्रों का विकास किया जा सके।शिक्षण संस्थानों में रक्तदान शिविर लगाना,खेलकूद,सांस्कृतिक कार्यकम और देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करके छात्रों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किया जाता है।प्रदेश,जिला स्तर पर संगठन के आभास वर्ग में भी ठीक इसी विषय पर अधिक फोक्स करके हुए समाज की अन्य चुनौतियों पर गहन चर्चा की जाती है। कालेज,विश्वविद्यालयों में जहां एबीबीपी की इकाइयां काम करती हैं।वहीं इन्ही इकाइयों से निकलकर छात्र एससीए चुनाव भी लड़ते हैं।एक छात्र में किस तरह की लीडरशिप होनी चाहिए उसकी झलक सिक्षण संस्थानों में देखने को मिलती है। शिक्षण संस्थान आजकल राजनीति का अखाड़ा बनते जा रहे जिसकी वजह से छात्रों में छात्र राजनीति प्रति पूर्व की भांति रुचि नहीं रही है।आज का छात्र सिर्फ किताबी कीड़ा बनकर रहना ज्यादा पसंद कर रहा है। शिक्षण संस्थानों में छात्रों की क्या मूलभूत समस्याएं उससे उसका सरोकार भी कम होता जा रहा है।समाज,प्रदेश और राष्ट की क्या समस्याएं उस पर चिंतन किए जाने का अधिकाश युवा पीढ़ी के पास आजकल समय नही रहा है।युवा पीढ़ी स्वार्थी बनकर सिर्फ अपने तक सीमित होकर रह गई जिसकी वजह से वह अपने अभिभावकों तक की परवाह नही कर रही है।कालेज छात्र ऐसे हों जिनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हुआ हो।वह सदैव समाज और राष्ट का पुनर्निर्माण किए जाने सहित समाज की बुराइयों खिलाफ हमेशा लामवद होने चाहिए।युवाओं को नशों से दूरी बनाकर अपना भविष्य सुरक्षित बनाए जाने पर हमेशा फोक्स रखना चाहिए

# मंज़िल सबकी मौत है फिर नफ़रत क्यों?

मानव जीवन दुर्लभ है कब जिंदगी की शाम हो जाये कोई एतवार नहीं है इसलिए जिओ और जीने दीजिये .कैसी विडंबना है की आज मानव माया के मोहजाल में फंसता जा रहा है पल भर का भरोसा नहीं है बस मेरा मेरी लगी है . मंजिल सबकी मौत है फिर यह नफ़रत, भेदभाव क्यों यह मोह माया क्यों जब पता है की एक दिन इस नशवर संसार से . ख़सत होना है तो यह गिले शिकवे क्यों अच्छे कर्म कीजिये यही असली कमाई है .मौत का एक दिन मुकरर है मौत सबको आएगी अमर कोई नहीं रहा . वक़्त एक जैसा नहीं रहता राज क़ो रंक बनने में एक पल नहीं लगता अहंकार त्याग देना चाहिए . आदमी ताउम्र साम, दाम, दंड, भेद, जैसे हथकंडे अपनाकर पैसा इकट्ठा कर रहा हैं . आज लोग संवेदनहिन् हो गया हैं कौन जी रहा कौन मर रहा कोई सरोकार नहीं है . संवेदना मृतप्राय हो चुकी हैं . आधुनिक मानव स्वार्थ व मतलब तक सीमीत हो गया है . यह बहुत ही त्रासदी है . संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है . नैतिक मूल्यों का पतन हो चूका है . नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है लोग नैतिकता की अदालत में हा रहे हैं . समाज के बुद्धिजीवी लोगों क़ो मंथन करना होगा नैतिक मूल्य क़ो बरकरार रखना होगा तभी समाज में नैतिकता बनी रहेगी . . मानव ताउम्र भटकता रहता है धनलीपसा में मशगुल रहता हैं उल्टा सीधा काम करके माया क़ो इक्क्ठा कर रहा है आदमी क़ो पता है की यहाँ क़ोई अमर नहीं है . आधुनिक मानव जर, जोरू, जमीन के लिए अपनों का खून कर रहा है रिश्तों का कत्लेआम कर रहा हैं . खुनी रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं . इंसान क़ो कोई नहीं गिरा सकता इंसान ही इंसान क़ो गिरा रहा है . खुनी रिश्ते दरक रहे हैं इन रिश्तों क़ो बचाना चाहिए . अपने ही काम आते हैं दूसरे तमाशा देखते हैं . आज हालात बहुत ही खराब होते जा रहे हैं लोग सोशल मीडिया व व्हाट्सप्प पर व्यस्त रहते हैं चौबीस घंटे भी कम पड़ते जा रहे हैं अपनों के लिए समय ही नहीं हैं समय का अभाव होता जा रहा हैं . अपने ही काम आएंगे गैर तमाशा देखेंगे .अपनों से मनमुटाव हैं मगर सात समंदर पार अजनवी के लिए समय ही समय हैं अपनों का कभी हाल नहीं पूछते लेकिन अजनबी लोगों की पल पल की खबर ली जाती हैं अपना आस पड़ोस ही काम आएगा विदेशी नहीं काम आएगा . आज लोग एक दूसरे से बेबजह ही दुश्मनी रखते है . किसी का आदर सम्मान नहीं करते उल्टा अपमान करते है . आदमी क़ो अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए क्यूंकि अतीत की परछाईयां मरते दम तक पीछा करती हैं . कर्म अनिश्चित हैं लेकिन फल निश्चित हैं . मानव क़ो ऐसे कर्म करने चाहिए की समाज याद कर सके . ऐसे लोगों की सहायता कीजिये जो जरूरत मंद हैं .गरीबों का हक छिना जा रहा हैं लेकिन जब गरीब की बद्दुआ लगती है तो लोहा भी भस्म हो जाता हैं इसलिए गरीब क़ो मत सताओ . ईश्वर सजा जरूर देता हैं . आज मानव दिन रात अकूत धन् कमा रहा हैं लेकिन पल भर की खबर नहीं है. आज लोग दूसरों के रास्ते में कांटे बिछाते हैं लेकिन एक दिन ऐसे लोगों क़ो उनके कर्मों की सजा जरूर मिलती है. कर्म सुधार लीजिये गरीबो की मदद कीजिये यही सच्ची मानवता है।



**नरेन्द्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

# रात्रि भोज

महेंद्र प्रताप सिंह जी ने टूरिज्म विभाग के शिमला होटल में प्रबंधक का नया- नया पदभार संभाला था इसलिए वह प्रत्येक कार्य को बड़ी सावधानी पूर्वक कर रहे थे होटल में आने वाले प्रत्येक आगंतुक के प्रति उनका व्यवहार अत्यंत सोम्य था उनका यह अटल विश्वास था कि उनकी रोजी-रोटी का आधार कस्टमर है उन्होंने होटल की रिसेप्शन पर बड़े बड़े शब्दों में महात्मा गांधी की यह टिप्पणी लिखवा रखी थी 'ग्राहक हमारा भगवान है' और वे सचमुच ही ग्राहक को अपना भगवान मानते भी थे शायद यही कारण था कि एक बार जो कस्टमर इस होटल में आ जाता, वह दोबारा अन्य किसी स्थान पर नहीं जा पाता था। वह इस कार्य में समस्त स्टाफ को भी साथ लेकर चलते थे। उनका मानना था कि बड़े कार्य कोई व्यक्ति अकेला नहीं कर सकता, उसके लिए टीम वर्क की आवश्यकता होती है। अत: अपने स्टाफ में चाहे कोई वेटर हो, या कुक हो, चाहे कोई प्रबंधक हो या सफाई कर्मचारी, सब का ख्याल रखते थे और सबको साथ लेकर चलते थे। उनकी होटल की ख्याति बड़े-बड़े ऑफिसर से होते हुए सचिवालय के गलियारों तक पहुंच गई थी।

एक दिन सचिवालय से उन्हें मुख्यमंत्री के निजी सचिव का फोन आया कि अगले हफ्ते सोमवार के दिन मंत्री जी अपने सहयोगियों संग आपके होटल में रात्रि-भोज करेंगे यद्यपि यह महेंद्र जी व उनके स्टाफ के लिए अत्यंत गर्व का विषय था, मगर साथ ही साथ एक चुनौती भी थी। अगर वे मंत्री जी की आशाओं की कसौटी पर खरे नहीं उतरे तो? होटल के प्रत्येक कर्मचारी की जान पे बन आई थी क्या होउस-कीपिंग विभाग, क्या किचन प्रबंधन स्टाफ और क्या सफाई कर्मचारी सब के सब पर जैसे कोई आफत आ गई थी निगम के कुछ कर्मचारी ऐसे भी थे, जिनके पास सारा दिन निठल्ला बैठ कर एस सर, नो सर करने के इलावा कोई अन्य काम न था उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे क्या न करे

बहरहाल, प्रत्येक कर्मचारी बिना थके, बिना रुके अपने अपने काम को इतने कुशलता से कर रहा था मानो मंत्री जी उसी का काम देखने आ रहे हो इस आपाधापी में जो शख्स सबसे ज्यादा परेशान था वह था होटल का मुख्य प्रबंधक महेंद्र प्रताप सिंह जिस दिन उन्हें यह सूचना मिली कि मुख्यमंत्री जी उनके होटल में रात्रि-भोज के लिए आ रहे हैं, उसी दिन से उनकी रातों की नींद उड़ गई थी उन्होंने ध्यानपूर्वक अपने होटल का अवलोकन किया तो उन्हें कमियां ही कमियां नजर आई

इन दिनों उन्होंने महसूस किया कि मानो वह किसी लड़की के पिता हो और मुख्यमंत्री दूल्हे राजा और उनके साथ आने वाला लाव-लश्कर जैसे बारात में आये हुए रूठे फूफाजी और मौसा जी वे जानते थे कि दूल्हे व बारतियों को नाराज करना लड़की के पिता के लिए, कम से कम हिंदुस्तान में तो अक्षम्य अपराध है उन्हेंने इस रात्रि-भोज को लेकर अपने स्टाफ के साथ अनेक मीटिंग्स की एक मीटिंग के दौरान कनिष्ठ प्रबंधक ने सलाह दी कि भोज वाले दिन के लिए हमें साफ-सुथरी वर्दी में आना चाहिए तथा मंत्री जी नाराज ना हो जाए इसलिए प्रत्येक खिड़की दरवाजे के पर्दों को धुलवा लेना चाहिए इतना ही नहीं सारे होटल में बिछे क्लीन को भी एक एक बार साफ करवा लेना चाहिए मगर उन्होंने इससे भी दो कदम आगे बढ़कर काम किया शायद वे कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे अत: सभी कर्मचारियों को चाहे वे प्रथम श्रेणी के मैनेजर थे या चौथी श्रेणी के वेटर, नई वर्दी जारी की की गई और सख्त हिदायत दी कि मंत्री जी के भोज वाले दिन नई वर्दी पहन कर ही आएं यहाँ तक कि भोज से ठीक एक दिन पहले पूरे होटल के कालीन व पर्दे भी बदल दिए गए यानी कि मुख्यमंत्री की आवभगत में जरा सी भी चूक की गुंजाइश नहीं रखी गई भोज में क्या-क्या बनेगा यह एक बहुत मुश्किल सवाल था स्टाफ के साथ कई मीटिंग्स की गई मंत्री जी के पी.ए. को कई बार फोन लगाया गया और मंत्री जी के के पसंद नापसंद के बारे में पूछा गया

भोज वाले दिन महेंद्र जी सुबह सात बजे ही होटल में पहुंच गए थे वे भाग-भाग कर सारा प्रबंध स्वयं देख रहे थे पूरे होटल की सफाई की गई, डाइनिंग रूम के एक-एक मेज को नए मेज-पोश से सजाया गया प्रत्येक मेज पर ताजे फूलों का एक एक गुलदस्ता रखा गया रिसेप्शन पर तजा फूलों के गमले नर्सरी से खरीद कर रखे गए उनकी एक टांग डायनिंग रूम में होती तो दूसरी रसोई में, कभी वे रिसेप्शन में जाते तो कभी सोफे कुर्सियों व पर्दों को चेक करते उनको हेड ऑफिस से बार-बार मैनेजिंग डायरेक्टर के फोन आ रहे थे और पूछ रहे थे कि फलां काम कर लिया या नहीं...... इस बात का ध्यान रखना....... उस बात का का ध्यान रखना आदि मैनेजिंग डायरेक्टर का फोन सुनकर महेंद्र जी और तनाव में आ जाते और फिर जिस कार्य को वे सावधानी पूर्वक कर चुके होते उससे दोबारा चेक करते रसोई में जाकर वे कुक व वेटर को बार-बार हिदायत दे रहे थे कि उन्हें रात्रि भोज के लिए किन किन बातों का ध्यान रखना है यद्यपि महेंद्र जी के पास कुशल स्टाफ था और यही स्टाफ आए दिन इस प्रकार के भोजों का आयोजन बड़ी कुशलता से करता रहा था फिर भी ना जाने क्यों महेंद्र जी इतना चिंतित थी उन्होंने भोजन के लिए बनाई गई एक-एक व्यंजन का निरीक्षण खुद किया ताकि कहीं नमक मिर्च ज्यादा ना हो जाए भोज में इस्तेमाल होने वाली एक एक प्लेट चम्मच को भी उन्होंने स्वयं उलट-पुलट कर देखा ताकि कोई चूक न हो जाये

मंत्री जी को रात आठ बजे आना था लेकिन होटल का स्टाफ शाम सात बजे ही उनके स्वागत हेतु फूलों के गुलदस्ते व हार लेकर खड़ा हो गया था इन स्वागत कर्ताओं में होटल का समस्त प्रबंधक वर्ग तो था ही, हेड ऑफिस से मैनेजिंग डायरेक्टर भी एक बड़ा सा फूलों का गुलदस्ता लेकर मुख्य-स्वागत कर्ता के रूप में खड़े थे जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा था, होटल स्टाफ की दिल की धड़कन भी बढ़ती जा रही थी सभी बार-बार कभी रिसेप्शन पर लगी हुई घड़ी को देख रहे थे तो कभी अपने वस्त्र विन्यास को मैनेजिंग डायरेक्टर व अन्य प्रबंधक वर्ग गर्मी के दिनों में भी थ्री पीस कोट पहनकर अपनी टाई के नॉट को ठीक कर रहे थे किसी तरह आठ बजे, सारे लोग उत्सुकता से मुख्यमंत्री के काफिले में सबसे आगे चलती हुई सिक्योरिटी की गाड़ी का सायरन सुनने लगे सभी लोग एकदम चौकन्ने हो गए, मगर यह क्या, ये तो घड़ी के पेंडुलम का सायरन था धीरे धीरे साड़े आठ बज गए, पर मंत्री जी की गाड़ी के सायरन की मधुर धुन नहीं बजी कहते हैं इंतजार की घड़ियां लंबी होती हैं, मैनेजिंग डायरेक्टर अपना सारा गुस्सा महेंद्र जी पर निकाल रहे थे तथा बार-बार आदेश दे रहे थे कि मंत्री जी के पी.ए. का फोन लगाओ और पता करो कि देरी का कारण क्या है परंतु नेटवर्क तो नेटवर्क है उससे क्या मालूम कि फोन लगाने वाला किसी होटल का मैनेजिंग डायरेक्टर है तथा जिस व्यक्ति को फोन लगाया जा रहा है वह मुख्यमंत्री का पी.ए. हैं फोन तटस्थ होकर बिना किसी पूर्वाग्रह के जवाब देता, जिस व्यक्ति से आप बात करना चाह रहे हैं वह अपका फोन उठा नहीं दे पा रहे हैं, कृपया थोड़ी देर बाद कोशिश करें कभी बड़े ही सोम्य स्वर में दुर्लभ रहस्य का पर्दाफाश करते हुए कहता, फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर है, कृपया थोड़ी देर बाद बात करें हर बार एक ही बात सुन सुनकर एम.डी. साहिब बुरी तरह नाराज हो गये फिर अचानक मंत्री जी के पी.ए.का फोन लग ही गया मगर हद तो तब हो गई जब फोन किसी युवती ने उठाया और अत्यंत मधुर स्वर में बोली, क्षमा कीजिये मंत्री जी इस समय अत्यंत जरूरी मीटिंग में हैं, मैं आपकी बात उनके पी.ए. से करवाने की कोशिश करती हूँ, मगर इसके लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, क्योकि इस समय वे भी मंत्री जी के साथ मीटिंग-हॉल में हैं इतना कह कर उस युवती ने बिना कोई जवाब सुने फोन काट दिया अब तो मैनेजिंग डायरेक्टर के सब्र के सारे बांध टूट गए आज तक सब लोग उनका इंतजार करते थे, मगर आज पहली बार वे किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे, वह भी हाथों में फूलों का गुलदस्ता लेकर दो-चार मैंनेजर और वेटर उनके पास ही खड़े थे, जो एम.डी.साहिव को बार-बार बिसलेरी का पानी और जूस पिला रहे थे



**प्रो.रणजोध सिंह**

पंजाबी भाषा की एक कहावत 'बेला नाई कुत्ते दी हजामत' यानी यदि नाई के पास कोई काम करने को ना हो तो वह कुत्ते की ही हजामत करने लगता है, यहाँ शत प्रतिशत चरितार्थ हो रही थी क्योंकि कुछ लोग बिना वजह ही कभी डाइनिंग टेबल पर पड़े हुए फूलों के गुलदस्ते को ठीक करने का उपक्रम कर रहे रहे थे तो कोई बंद पर्दों को ही सलीके से बंद कर रहा था कुक बार-बार अपने द्वारा बनाये हुए गर्म खाने की गर्माहट को चैक कर रहा था वेटर सलीके से रखी हुई कराकरी को दोवारा सलीके से रख रहे थे फोटोग्राफर प्रबंधकों की कई फ़ोटो लेने का बाद खाली दीवारों पर ही अपने प्रोफेशनल कैमरे की आजमाईश कर रहा था समय बहुत धीमे-धीमे, मगर अनवरत चलता रहा नो बजे.... साड़े नो बजे..... दस बजे..... और फिर साड़े दस भी बजे गए दस बजकर पैंतीस मिनट पर फ़ोन की घंटी किसी मधुर गीत सी गुनगुना उठी महेंद्र जी ने फोन यू उठाया जैसे खोई हई दुर्लभ वस्तु मिल गई हो मंत्री जी के पी.ए. का फोन था महेंद्र जी ने जिस तत्परता से फोन उठाया उतनी ही तत्परता से फोन रख भी दिया पी.ए. ने अपनी व्यस्तता के लिए क्षमा मांगते हुए बताया, महेंद्र भाई, दिल्ली से कुछ अति विशेष लोग आ गए थे, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता था, अत: मंत्री जी ने खाना अपने आवास पर ही खा लिया, आपके होटल का खाना शायद आज हमारे भाग्य में नहीं था खैर जैसी प्रभु इच्छा

अगले रोज, सब कुछ सामान्य था सब एक दुसरे को देख कर हंस रहे थे कुछ एक दुसरे की नक्कल उतार कर बता रहे थे कि मुख्यमंत्री के रात्रि-भोज वाले दिन उसकी स्थिति कैसी थी कुछ लोग जो ज्यादा ही निर्भीक थे, मैनेजिंग डायरेक्टर की नक्कल उतार कर हास्य रंग में सरोवार थे जिस बात पर स्टाफ सबसे ज्यादा मज़े ले रहा था वह थी, गर्मी के मौसम में प्रबंधको द्वारा थ्री-पीस सूट व टाई पहन कर दो-तीन घंटे मंत्री जी का इंतजार करना कुछ वरिष्ठ प्रवन्धक इस बात के लिए गमगीन थे कि देश के इतने बहुमूल्य साधन मंत्री जी की व्यस्तता को भेंट चढ़ गए, क्या हमारा देश इतनी फ़ज़ूल-खर्ची बर्दाश्त कर सकता है? मगर महेंद्र जी अब भी प्रसन्न व उत्साहित थे उन्होंने स्टाफ को समझाया कि कोई बात नहीं, इस बहाने पूरे होटल की काया-कल्प हो गई आप लोगो को भी न केवल अपनी शक्तियों का एहसास हो हुआ अपितु आप सबका काम भी अपडेट हो गया कुछ दिन तो इस भोज को लेकर खूब चर्चा हुई परन्तु वक्त के पास तो सभी जख्मों की दवा है धीरे-धीरे सारा स्टाफ इस रात्रि-भोज की परेशानी व बेचैनी को भूल गया

लगभग चार महीने बाद फिर सचिवालय से फ़ोन आया कि मुख्यमंत्री जी रात्रि-भोज के लिए उनके होटल में पधार रहे हैं जाहिर है इस बार पिछले अनुभव को देखकर न तो किसी को कोई खुशी हुई और न ही कोई उत्सकता लेकिन महेंद्र जी एक बार पुन: उतनी ही बेचैनी से गुजरे जितनी बेचैनी से पहले गुजरे थे एक बार फिर सभी कर्मचारियों को उनके पद के अनुरूप, नई वर्दी जारी की गई एक बार फिर पुरे होटल की सफाई की गई फर्श के कालीन को बदला गया, पर्दो को बदला गया। मेज़-कुर्सिओ की अदला-बदली की गई पहले की भांति ही रिसेप्शन पर तजा फूलों के गमले नर्सरी से खरीद कर रखे गए प्रत्येक मेज पर ताजे फूलों का गुलदस्ता रखा गया।

सामान्य दिनों में महेंद्र जी, कुक को कोई विशेष व्यंजन बनाने के लिए केवल हुक्म देते थे मगर यहां बात मुख्यमंत्री जी की थी, अत: वे स्वयं रसोई में खड़े होकर अपनी आंखों के सामने सारे व्यंजन तैयार करवा रहे थे। संक्षेप में इस बार फिर उनकी एक टांग रसोई में थी तो दूसरी रिसेप्शन में। कभी मंत्री जी के पी.ए. का फोन सुनते तो कभी अपने मैनेजिंग डायरेक्टर का। सारे के सारे लोग उन्हें फोन पर हिदायत पर हिदायत दे रहे थे, मंत्री जी का पी.ए., मन्त्री जी पसंद न पसंद व अन्य रूचियों की जानकारी दे रहा था तो एम. डी. साहिब बार-बार महेंद्र जी को याद दिला रहे थे कि आज होटल की इज्जत उनके हाथों में है। खैर महेंद्र जी ने शांत मन से मगर सावधानीपूर्वक एक-एक काम को करीने से अंजाम दिया

रात को सात बजते ही एम.डी. साहब पहले की भांति अपनी टीम के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत करने बड़े-बड़े गुलदस्ते लेकर पहुंच गए। इस बार मंत्री जी भी निराश नहीं किया अपितु पूर्व निर्धारित समय पर अर्थात ठीक रात आठ बजे अपने समस्त लाव-लश्कर के साथ होटल पहुंच गए। होटल-स्टाफ ने एम.डी. साहिब की अगवानी में, पूरे जोश के साथ मंत्री जी का स्वागत किया। मंत्री जी को इतने हार पहनाये गए कि उनका कंठ हारों से भर गया। मंत्री जी के पी.ए. ने सारे हार उनके कंठ से उतार कर उनकी कार में लगे हुए झंडे के डंडे पर ऐसे चड़ा दिए जैसे स्वागत के हक़दार मंत्री जी न होकर उनकी कार हो


मगर इस सब उपक्रम में महेंद्र जी सबसे पीछे खड़े होकर डाइनिंग हॉल में वेटर्स को आदेश दे रहे थे। यद्यपि किचन स्टाफ ने तरह-तरह के व्यंजन बनाए थे, मगर मंत्री जी ने सादे ढंग से, बहुत कम व हल्का-फुल्का भोजन लिया एमडी व अन्य प्रबंधकों ने मंत्री जी को बहुत से व्यंजन खिलाने की कोशिश की मगर सब व्यर्थ अंत में मंत्री जी ने पानी मांगा तो सबसे सीनियर वेटर ने बड़ी अदा के साथ मंत्री जी को पानी दिया पानी का एक घूंट भरते ही मंत्री जी नाराज होते हुए बोले, अरे ! यह तो ठंडा है अपने पी.ए. से मुखातिब होकर रोब से बोले, त्रिपाठी जी तुम भी क्या करते हो, तुमने होटल - स्टाफ को बताया नहीं था कि मैं आजकल केवल गर्म पानी ही पीता हूं, यहां का मैनेजर कौन है? मंत्री जी ने एक ही सांस में कई प्रश्न एक साथ दाग दिए महेंद्र जी की तो जान ही सूख गई उन्होंने तुरंत गर्म पानी मंगवाया तथा मंत्री जी के क्रोध को गर्म पानी पिला कर ठंडा किया गल्ती करने वाले वेटर को अच्छी-खासी झाड़ लगाई गई

इतने में एक कनिष्क प्रबंधक मिस्टर टहल जो मुश्किल से अंग्रेजी के तीन शब्द जानता था 'यस सर'... नो सर... और थैंक्यू सर' एक प्लेट में थोड़ी सी खीर डालकर मुख्यमंत्री के पास आ खड़ा हुआ और नब्बे डिग्री के कोण में झुककर अत्यंत आत्मीयता से बोला, सर स्वीट-डिश में यह खीर ट्राई करें नहीं नहीं मैं मीठा वैसे भी पसंद नहीं करता और अब तो मैं पहले ही ओवर हो चुका हूं मंत्री जी ने तुरंत जवाब दिया मगर मिस्टर टहल और भी मधुरता से बोला, सर यह खीर हमारे होटल की स्पेशलिटी है, भले ही एक चम्मच लीजिए, पर आपको खानी अवश्य पड़ेगी मंत्री जी ने मुस्कुराते हुए एक चम्मच खीर खा ली और मिस्टर टहल की पीठ थपथपाते हुए बोले, वेल्डन आपके होटल का खाना बहुत अच्छा था इतना कहकर मंत्री जी अपने लाव-लश्कर समेत होटल से चलें गए

मंत्री जी ने आने में जितना समय लगाया था, जाने में पांच मिनट भी नहीं लगे उनकी गाड़ी पहले ही होटल के गेट से सट कर खड़ी थी चालक गाड़ी स्टार्ट कर सीट पर बैठा हुआ था और सुरक्षा गार्ड पिछली सीट का दरवाज़ा खोल कर मंत्री जी का इंतजार कर रहा था उनका बस चलता तो गाड़ी को भोजन-कक्ष तक ही ले जाते मगर बीच में होटल की कांच की दीवार आ गई खैर मंत्री जी ने जैसे ही गाड़ी में कदम रखा, शोर मचाता हुआ उनका काफिला, मिनटों में आँखों से ओझल हो गया क्योंकि जाते समय मंत्री जी प्रसन्न थे तथा एक मीठी टिप्पणी के साथ विदा हुए थे, इसलिए होटल का प्रत्येक सदस्य यहां तक कि एम.डी. साहिब भी मिस्टर टहल के होंसले की तारीफ कर रहे थे मिस्टर महेंद्र अभी भी वेटर से इस बात का पता लगाने में उलझे हुए थे कि मंत्री जी को गर्म पानी के स्थान पर ठंडा पानी कैसे चला गया

अगले रोज हेड ऑफिस से होटल में दो आदेश आए थे पहले आदेश में श्री महेंद्र प्रताप सिंह का स्थानांतरण शिमला से कई सो किलोमीटर दूर डलहौजी कर दिया गया था और दूसरे आदेशानुसार मिस्टर टहल को शिमला होटल का कार्यभार स्वतंत्र रूप से सोंप दिया गया था।

प्रथम न्यूज के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक विवेक धीर द्वारा मकान नंबर 143-ए, आदर्श नगर, जालंधर (पंजाब) से प्रकाशित एवं न्यू दशमेश प्रिंटर्ज 178-179 रणजीत नगर, जालंधर (पंजाब) से मुद्रित। फोन : 7973508344 । सभी विचारों का न्यायाधिकार क्षेत्र जालंधर होगा। R.N.I. Regd. NO. PUNHIN/2010/36540



# प्राकृतिक खेती विकसित भारत का सबसे मजबूत स्तंभ - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**प्राकृतिक खेती केवल खेती की तकनीक नहीं, धरती बचाने और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने का राष्ट्रीय अभियान**





» प्रथम न्यूज़ | चंडीगढ़

08 जुलाई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज एक बड़ा ऐलान किया है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रकृति श्री अन्न प्रेरक किसान कमेटी बनाई जाएगी, यह कमेटी हर जिला में होगी। इस कमेटी का मुख्य कार्य किसानों से संपर्क करना, उनके फार्म पर जाना और सरकार से सामंजस्य करवाकर प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ने का कार्य होगा। यह एक तरह से प्राकृतिक खेती के प्रेरक एम्बेस्डर होंगे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंचकूला में हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान किसानों से संवाद भी किया, मुख्यमंत्री ने किसानों से मिले सुझावों को जल्द पूरा करवाने की दिशा में काम करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती करने वाले जिन किसानों ने गाय खरीदने के लिए सब्सिडी के लिए आवेदन किया है, उन्हें सब्सिडी जारी कर दी जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती करने का एक तरीका नहीं, बल्कि किसान, प्रकृति और समाज के बीच टूट चुके संबंधों को फिर से मजबूत करने का अभियान है। यह धरती माता की सेवा, खेती की लागत कम करने, जल और मिट्टी के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का माध्यम है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती के ब्रांड एंबेसडर बनने का आह्वान करते हुए कहा कि अब केवल चिंतन नहीं, बल्कि अमल करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का समय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समय-समय पर किसानों से सीधा संवाद करेगी और प्राकृतिक खेती के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती पर प्रत्येक माह इसी प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि बड़े सेमिनारों में गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि किसान उनके अनुभवों से लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने कहा कि आज का सेमिनार केवल प्राकृतिक खेती की तकनीक सीखने का अवसर नहीं है, बल्कि किसान और प्रकृति के बीच सदियों पुराने अटूट रिश्ते को फिर से मजबूत करने का अभियान है। पहले खेती का संबंध धरती माता और गौ माता से था। यही संबंध किसान के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लेकर आता था, लेकिन समय के साथ यह रिश्ता कमजोर हुआ और आज प्राकृतिक आपदाएं तथा पर्यावरणीय संकट हमारे सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव ने विकास तो किया है, लेकिन कहीं न कहीं धरती का अत्यधिक दोहन भी किया है। आज सवाल यह नहीं है कि खाद और कीटनाशकों की कमी है, बल्कि यह है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसी धरती और कैसा पर्यावरण छोड़कर जा रहे हैं। हमारे पूर्वज हमें भरपूर भूजल और उपजाऊ मिट्टी देकर गए थे, लेकिन आज कई क्षेत्रों में भूजल स्तर हर सीजन में 20 से 25 फुट तक नीचे जा रहा है। इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पहले श्रमिक मंडियों में अनाज की भारी-भरकम बोरियां आसानी से उठा लेते थे, लेकिन आज बदलती जीवनशैली, रासायनिक खेती और प्राकृतिक असंतुलन के कारण सभी के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसलिए खेती की दिशा बदलना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि प्राकृतिक खेती 21वीं सदी की आवश्यकता है। यह केवल खेती की नई पद्धति नहीं, बल्कि धरती बचाने का अभियान है। यह किसानों की लागत कम करने, पर्यावरण संरक्षण करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्ध भारत बनाने का माध्यम है। भारतीय संस्कृति में धरती को मां का दर्जा दिया गया है और उसकी सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक खेती के एंबेसडर बनकर गांव-गांव लोगों को इसके लाभ बताएं। उन्होंने कहा कि केवल चर्चा करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्वयं भी प्राकृतिक खेती अपनानी होगी और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नकली बीज और दवाइयां ना मिले, इसे रोकने के लिए राज्य सरकार ने विधानसभा में कड़ा कानून बनाया है। अब यदि कोई किसान को नकली बीज बेचते हुए पाया जाता है तो उसे पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का अभियान शुरू किया है। हरियाणा सरकार ने भी किसानों से सुझाव लेकर तैयार किए गए राज्य बजट में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों की उपज की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार ने पहले ही घोषणा की है कि प्राकृतिक खेती से तैयार उपज के लिए मंडियों में अलग स्थान उपलब्ध कराया जाएगा तथा हैफेड इसकी खरीद करेगा। इसकी व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रवार बागवानी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। गन्नौर मंडी में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए अलग शेड बनाया गया है तथा राज्य में चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं, जहां आधुनिक बागवानी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रही है। मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है और खेती की लागत बढ़ रही है। इसलिए कृषि वैज्ञानिकों को देशी और गुणवत्तापूर्ण बीज विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। दुनिया के अनेक विकसित देश अब रासायनिक खेती से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि भारत के पास ऋषि-मुनियों की परंपरा, किसानों का अनुभव और प्राकृतिक खेती का समृद्ध ज्ञान पहले से मौजूद है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्राकृतिक खेती सबसे मजबूत स्तंभ साबित होगी। इसके लिए सरकार और किसानों को मिलकर जन आंदोलन के रूप में इस अभियान को आगे बढ़ाना होगा।

## संक्षिप्त न्यूज

### चंडीगढ़ में CPWD क्लर्क 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

***पेंशन फाइल क्लियर कराने के नाम पर मांगी रिश्वत, विजिलेंस के जाल में फंसा क्लर्क***

**चंडीगढ़ ( पुनीत महाजन )**- चंडीगढ़ विजिलेंस विभाग ने बुधवार को सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (CPWD) के एक आउटसोर्स क्लर्क को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है, जो सीपीडब्ल्यूडी के सीपी डिवीजन नंबर-2 में कार्यरत था।

विजिलेंस के अनुसार, आरोपी शिकायतकर्ता के पिता की पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों से संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने और प्रक्रिया पूरी कराने के बदले 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत मामला दर्ज किया और पुराने यूटी सचिवालय भवन, सेक्टर-9 में ट्रैप लगाकर आरोपी को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ आगे की जांच शुरू कर दी है। उसे रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा ताकि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाई जा सके।

चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को रिश्वत न दें। यदि कोई रिश्वत की मांग करता है या भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना विजिलेंस हेल्पलाइन 8360817378 (24म7 व्हाट्सएप) या लैंडलाइन 0172-2760820 और 0172-2740012 पर दी जा सकती है।

### पिंजौर में अतिक्रमण हटाने को लेकर भाजपा पार्षद और थाना प्रभारी आमने-सामने

**थाने के बाहर हुई तीखी बहस**



**पंचकूला ( पुनीत महाजन )**- पिंजौर में वार्ड नंबर 11 के भाजपा पार्षद सौरव गुप्ता और थाना प्रभारी के बीच मंगलवार को थाने के बाहर तीखी बहस हो गई। विवाद का कारण रेहड़ी-फड़ी वालों के अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और उनकी सुनवाई न होना बताया जा रहा है।

पार्षद सौरव गुप्ता का आरोप है कि पिंजौर क्षेत्र में रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोग पिछले कई दिनों से अपनी समस्या को लेकर थाना प्रभारी से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया।

इसी मुद्दे को लेकर जब पार्षद रेहड़ी-फड़ी चालकों के साथ थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे तो दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई।

पुलिस का कहना है कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं पार्षद और रेहड़ी-फड़ी वालों का आरोप है कि उन्हें अपनी बात रखने का उचित मौका नहीं दिया गया।

**पंचकूला ANC की बड़ी कार्रवाई**

### 62 लाख की 311 ग्राम हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**पंचकूला ( पुनीत महाजन )**- पंचकूला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (ANC) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 311 ग्राम हेरोइन के साथ एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्टीय बाजार में कीमत करीब 62 लाख रुपये आंकी जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश कुमार (33) निवासी कैथल, हाल बद्दी, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पंचकूला और ट्राइसिटी में हेरोइन की सप्लाई करता था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी चंडीमंदिर स्थित साकेत अस्पताल के पास फ्लाईओवर के नीचे ग्राहक को हेरोइन देने आएगा। सूचना पर,ह्ष्ट इंचार्ज इंस्पेक्टर सौरभ रावत के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की।

शाम करीब 5=15 बजे लाल-काले रंग की बाइक पर पहुंचे आरोपी को मौके पर ही काबू किया गया। तलाशी में उसकी पैंट की जेब से पारदर्शी पॉलीथिन में 311 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

**पाकिस्तान लिंक की जांच** - पुलिस ने बरामद हेरोइन को सील कर कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में NDPS एक्ट की धारा 21(C) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। ANC इंचार्ज सौरभ रावत ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह अमृतसर के रास्ते इंडो-पाक बॉर्डर से ड्रग्स लाकर ट्राइसिटी में सप्लाई करता था। रिमांड के दौरान ड्रग्स की पूरी सप्लाई चेन और नेटवर्क का पता लगाया जाएगा। टीम जल्द ही अमृतसर जाकर उस गांव और बॉर्डर एरिया की भी जांच करेगी।




## 447 करोड़ की लागत से तैयार ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन 17 जुलाई को होगा जनता को समर्पित : सुभाष सुधा

» प्रथम न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

08 जुलाई ( बृज मोहन )


हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अब ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व एलिवेटिड रेलवे स्टेशन पूरा होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जनता को समर्पित करने जा रहे हैं, जो शहर के विकास को तेज गति से बढ़ाने का काम किया जाएगा। करीब लगभग 447 करोड़ रुपए की लागत से तैयार रेलवे एलिवेटिड ट्रैक पर 9 जुलाई को ट्रायल किया जाएगा।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को अपने सेक्टर-7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस रेलवे ट्रैक की लंबाई पिहोवा रोड से कुरुक्षेत्र ब्लॉक सेक्शन तक 5.9 किलोमीटर है, वायडक्ट की लंबाई 4.8 किलोमीटर है, इस ट्रैक में 213 पिल्लर बनाए गए हैं, थानेसर शहर में रुकने के लिए एक स्टेशन का निर्माण किया गया है, इस स्टेशन पर प्लेटफार्म की लेंथ 15.8 मीटर है। इस प्रोजेक्ट के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से 206 करोड़ रुपए और मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे की तरफ से अन्य निर्माण कार्यों सहित कुल 446.84 करोड़ रुपए की सेंक्शन रेलवे विभाग की तरफ से दी गई है।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी की बजाए ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड ट्रैक की मंजूरी देते हुए निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई थी। इस प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने अथक प्रयासों से एलिवेटिड ट्रैक व स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करवाया है।

**प्रधानमंत्री ऑनलाइन प्रणाली से करेंगे ट्रैक का उद्घाटन व सिख संग्रहालय का शिलान्यास**

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उनके ड्रीम प्रोजेक्ट रेलवे एलिवेटिड ट्रैक प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही उमरी में 5 एकड़ में लगभग 124 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



इस कार्यक्रम में थानेसर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। सभी को सुबह 8 बजे पहुंचने का समय दिया गया है। ताकि प्रधानमंत्री ऑनलाइन प्रणाली से जुड़कर इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर सकें। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहेंगे।

**शहरवासियों के साथ मिलकर थानेसर रेलवे स्टेशन पर मनाया जाएगा जश्न :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा के ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड ट्रैक व स्टेशन के उद्घाटन के उपरांत शहरवासियों के साथ जश्न मनाया जाएगा। सबकी इच्छा है कि आकाश में रंग बिरंगी आतिशबाजी भी की जाए। इस कार्यक्रम में सभी नगर पार्षद और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### भव्य एलिवेटिड रेलवे ट्रैक हुआ तैयार

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर रेलवे स्टेशन को भव्य तरीके से तैयार किया है। यात्रियों की सभी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एलिवेटिड रेलवे स्टेशन तैयार किया गया है। परिसर की एंट्री में टिकट घर, बैठने की कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा स्टेशन पर जाने के लिए सीढियां व रैंप तैयार किया गया है। धूप व बरसात से बचने के लिए शैड तैयार किया गया है। स्टेशन की नीची की जगह को अन्य सुविधाओं के लिए प्रयोग किया जाएगा।

**पांच फाटकों पर जाम से मिलेगी निजात** - पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से जींद रेलवे मार्ग पर शहर में करीब 5 रेलवे क्रॉसिंग आती हैं, जो मात्र तीन किलोमीटर में बने हुए हैं। इनमें पुरानी बस स्टैंड, मेन बाजार, महाराणा प्रताप चौक, सरकारी अस्पताल के सामने और यूनिवर्सिटी थर्ड गेट पिहोवा रोड की तरफ जाने वाली क्रॉसिंग शामिल है। जब भी रेलगाड़ी को जींद की ओर या कुरुक्षेत्र की ओर आना-जाना होता था तो ये फाटक बंद हो जाते थे और शहर में एक बार फाटक बंद होने से एक-एक घंटे तक जाम की स्थित बनी रहती थी।

**शहर के बाजार के व्यापार में होगी वृद्धि** - पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि रेलवे एलिवेटिड ट्रैक व रेलवे स्टेशन के शुरू होने से शहर के व्यापार में वृद्धि होगी। अब तक फाटकों पर लंबे-लंबे जाम को देखते हुए व्यापारी छोटे बाजार के व्यापारियों के साथ व्यापार करने में पीछे हटते थे, लेकिन एलिवेटिक ट्रैक व स्टेशन बनने जाम नहीं लगेगा और इस जाम न होने के कारण व्यापारियों का बाजार में आवाजाही बढ़ेगी। इससे पुराने शहर के बाजार के व्यापार में वृद्धि होगी।

## श्री संगमेश्वर सेवा दल अरूणाय इस्माईलाबाद शाखा का सर्वसम्मति से गठन, नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा



**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )**- श्री संगमेश्वर सेवा दल अरुणाय के प्रबंधक एवं सचिव श्री भूषण गौतम के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में आयोजित बैठक में श्री संगमेश्वर सेवा दल, शाखा-इस्माईलाबाद की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर संगठन के विस्तार, सेवा कार्यों को नई गति देने तथा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री भूषण गौतम ने कहा कि श्री संगमेश्वर सेवा दल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य निस्वार्थ भाव से समाज, धर्म और मानवता की सेवा के लिए कार्य करेगा तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संरक्षक श्री राजेश कंसल ,श्री बलदेव शर्मा, प्रधान श्री सुनील कोमल,उपप्रधान श्री महक,सचिव श्री रवि दत्त (सौरव) कैशियर श्री दर्शन काठगढ़,सह-कैशियर श्री मनदीप बालापुर प्रेस सचिव श्री अशोक कुमार सेठी,भंडार सचिव श्री मुकेश मेहता

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अंत में श्री भूषण गौतम ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि श्री संगमेश्वर महादेव सेवा दल का सेवा का संकल्प जन-जन तक पहुंचे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को सबसे पहले पूरा करने वाले बीएलओ राकेश कुमार की एसडीएम ने की प्रशंसा



**शाहाबाद, 8 जुलाई ( बृज मोहन )** एसडीएम शंभू राठी ने शाहाबाद विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को सबसे पहले पूरा करने वाले बीएलओ राकेश कुमार की प्रशंसा की। बीएलओ राकेश कुमार ने अपने बूथ नंबर 152 के एसआईआर के कार्य को 29 जून को ही पूरा कर लिया था। उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा का बूथ नंबर 152 गांव सूढ़पुर का है, यहां पर बीएलओ का कार्य अध्यापक राकेश कुमार करते हैं। पूरे प्रदेश के साथ एसआईआर का कार्य सूढ़पुर में भी 15 जून को शुरू की गया था। बूथ पर कुल 1140 वोटर हैं, 608 पुरुष और 532 महिलाएं शामिल हैं। बीएलओ ने 15 जून से गांव में एन्यूमरेशन फार्म बांटने शुरू किए थे, 7 दिनों में 19 जून तक एन्यूमरेशन फार्म बांटने के कार्य को पूरा कर लिया था। इसके बाद उन्होंने भरकर जमा करवाने का कार्य शुरू किया। बीएलओ ने 29 जून तक 1117 वोटरों के एन्यूमरेशन फार्म को भरकर डिजिटलाइजेशन कर दिया है। बचे हुए 23 वोटरों के लिए गांव में कई बार सर्वे किया। इस दौरान पाया कि 7 वोटर पहले ही एनरॉल्ड मिले, 3 वोटरों की डेथ हो चुकी है, 4 वोटरों ने अपने मतों को शिफ्ट करवा लिया है, 8 वोटर अनुपस्थित चल रहे हैं और एक वोटर ने दूसरे देश में सिटीजनशिप प्राप्त कर ली है। एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि बीएलओ ने 30 जून को राजनीतिक पार्टियों के सभी बीएलए को इस बारे में सूचना देते हुए 6 जुलाई को राजकीय प्राथमिक पाठशाला सूढपुर में बैठक का आयोजन किया। मीटिंग में एसडी लिस्ट और नो मैपिंग लिस्ट बना दी गई। बैठक में राजनीतिक पार्टियों के रिंकू शर्मा, तिलक राणा, सुखबीर सिंह और शिवकुमार सहित लगभग 15 मतदाताओं ने हिस्सा लिया।

## बाबा अमरनाथ के पावन दर्शन कर गुरु गोरखनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालु, महंत योगी तेजनाथ जी महाराज ने दिया आध्यात्मिक संदेश

» प्रथम न्यूज़ | इस्माईलाबाद

08 जुलाई ( सुनील कोमल )

श्री काशी विश्वनाथ मानव सेवा समिति, सीतापुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित आठवीं धाम यात्रा के अंतर्गत समिति अध्यक्ष श्री पीयूष कांत मिश्रा के नेतृत्व में दो बसों से श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र बाबा श्री अमरनाथ के दर्शन कर सकुशल लौटने के उपरांत गुरु गोरखनाथ धाम, इस्माईलाबाद पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज के पावन सान्निध्य में धाम के दर्शन किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा अमरनाथ की यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था, संयम और आत्मिक साधना का प्रतीक है। उन्होंने बाबा अमरनाथ की दिव्य महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि हिम से स्वयं प्रकट होने वाला शिवलिंग भगवान शिव की अनंत शक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत स्वरूप है। सच्ची श्रद्धा और भक्ति से की गई यात्रा मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाती है तथा उसे आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है।

महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को सफल एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक यात्राएं समाज में भाईचारे, सेवा भावना और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करती हैं।

श्रद्धालुओं ने गुरु गोरखनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर धाम में श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया और सभी ने धार्मिक वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा का आनंद लिया।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज़
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### 133 हिमाचल इको वॉरियर्स द्वारा चायल वनों में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान आयोजित : नो योर टीए संगोष्ठी को समर्पित



**शिमला ( बी.शर्मा ):**वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत तथा नो योर टीए संगोष्ठी को समर्पित 133 हिमाचल इको वॉरियर्स (पर्यावरणी) द्वारा चायल उपमंडल के दरभोग एवं भरारिया वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का आयोजन पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच (एनजीओ), वन विभाग के प्रतिनिधियों तथा राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय, भरारिया एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भरारिया के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से किया गया। इस अभियान में स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन तथा हरित एवं सतत हिमाचल प्रदेश के निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। साथ ही, इस पहल के माध्यम से नो योर टीए संगोष्ठी के अंतर्गत प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की पर्यावरण संरक्षण एवं जनसहभागिता में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया।

### भूमती के गौरव शर्मा बने हिमाचल प्रदेश के बेस्ट रील क्रिएटर, वाटरशेड महोत्सव प्रतियोगिता में प्रदेशभर में प्रथम

**अर्की ( योगेश चौहान )** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत भूमती के युवा अधिवक्ता, फिल्ममेकर एवं सोशल मीडिया क्रिएटर गौरव शर्मा ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित वाटरशेड महोत्सव सोशल मीडिया प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ रील श्रेणी में उन्होंने पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरव के मामा अनिल शर्मा ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए उन्हें 50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।



गौरव शर्मा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर जनजागरूकता आधारित वीडियो एवं रचनात्मक सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गौरव शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा बांसुरी वादक हैं, जबकि माता उर्मिला शर्मा गृहिणी हैं।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, गौरव इससे पहले भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय लघु फिल्म, रील, जनजागरूकता प्रतियोगिताओं, विधिक सेवा प्राधिकरण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

### मेलों-उत्सवों से पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान, चलो चम्बा अभियान की समीक्षा

**चम्बा ( एएम नाथ )**- जिले के प्रमुख मेलों और उत्सवों को पर्यटन से जोड़कर अधिक आकर्षक बनाने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास के उद्देश्य से आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक गतिविधियां शामिल की जाएं, ताकि चम्बा की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। वह बुधवार को चलो चम्बा अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि चलो चम्बा अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और इसके माध्यम से जिले में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में आयोजित होने वाले प्रमुख मेलों, उत्सवों और पर्यटन आयोजनों का वार्षिक कैलेंडर तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि 26 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का इस वर्ष उपमंडल स्तर पर भी आयोजन होगा। मेले के शुभारंभ पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मिंजर ध्वज फहराया जाएगा तथा पंचायत स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

बैठक में अक्टूबर में प्रस्तावित पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता और चुराह उत्सव के आयोजन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने वन विभाग को लमडल और दुआट महादेव ट्रैक रूट के शेष कार्य शीघ्र पूरा करने तथा खब्बी धार ट्रैक के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत खब्बी धार में पर्यटकों की सुविधा के लिए शौचालय और पर्याप्त डस्टबिन उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने पर्यटन गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि %नॉट ऑन मैप% के सह-संयोजक मनुज शर्मा ने जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




# मुख्यमंत्री ने कहा वीबी-जी-राम-जी योजना हिमाचल के हित में नहीं, केंद्र से उठाएंगे मामला

» प्रथम न्यूज । शिमला
08 जुलाई ( बी.शर्मा )




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हिमाचल के समग्र विकास में इस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने आज यहां विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है ताकि प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नई भर्तियां की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बंद कर उसकी जगह 'वीबी-जी-राम-जी योजना' लागू करना हिमाचल प्रदेश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत केंद्र सरकार 100 प्रतिशत धनराशि उपलब्ध करवाती थी, जबकि नई योजना में कुल खर्च का 10 प्रतिशत राज्य सरकार को वहन करना होगा। इससे राज्य के सीमित वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, इसलिए इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निर्माणाधीन पंचायत घरों को पूरा करने के लिए सरकार 30 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाएगी। ऊना में बन रहे जिला पंचायत संसाधन केंद्र के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए भी अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को आजीविका मजबूत करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक 310 स्वयं सहायता समूहों को 65.56 लाख रुपये की ऋण सहायता प्रदान की जा चुकी है।

स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए शिमला में 'हिमाचल हाट' का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा पंडोह और कुल्लू में भी शोरूम स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि धर्मशाला में ऐसा शोरूम पहले से संचालित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें फूड वैन भी उपलब्ध करवाई गई हैं और भविष्य में ऐसी और वैन भी प्रदान की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र लोगों को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के सचिव को विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जोड़ने के निर्देश भी दिए, ताकि उनकी ऑनलाइन निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सचिव सी. पालरासु, मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंहमार, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निदेशक राघव शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## क्रेच सेंटर चंगर शहरी सर्कल में क्रेच वर्कर व क्रेच हेल्पर के पद के लिए आवेदन आमंत्रित

### लुहणू सर्कल सदर-1 में भरा जाएगा एक क्रेच हेल्पर का पद, साक्षात्कार 31 जुलाई को

**बिलासपुर, ( जितेंद्र गौतम )**- बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर बिलासपुर सत्या ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनवाड़ी कम क्रेच केंद्र चंगर शहरी सर्कल में मानदेय आधार पर एक क्रेच वर्कर तथा एक क्रेच हेल्पर के रिक्त पद को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी प्रकार आंगनवाड़ी कम क्रेच केंद्र लुहणू सर्कल (सदर-1) में मानदेय आधार पर क्रेच हेल्पर के एक रिक्त पद को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्रेच वर्कर तथा क्रेच हेल्पर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा संबंधित आंगनबाड़ी कम क्रेच केंद्र के फीडर क्षेत्र की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर की जाएगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, सामाजिक श्रेणी से संबंधित मानदंड तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर, बिलासपुर के कार्यालय में निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से फीडर एरिया प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (दसवीं, बारहवीं व अन्य), आय प्रमाण पत्र, नवीनतम परिवार नकल, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 28 जुलाई सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है, जबकि साक्षात्कार 31 जुलाई को प्रात: 11 बजे से एसडीएम सदर कार्यालय, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा।

# चंबा-अथेड़ रूट पर फिर ब्रेक, परिवहन व्यवस्था पर भाजपा का निशाना

### बस नहीं है, कहां से भेजूं, आरएम के बयान पर गरमाई सियासत, चंबा-अथेड़ रूट पर फिर नहीं पहुंची एचआरटीसी बस, विद्यार्थी व ग्रामीण परेशान

» प्रथम न्यूज । लचोड़ी (चंबा)
08 जुलाई ( रंजीत ठाकुर )

चंबा-अथेड़ रूट पर मंगलवार को भी हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवा बहाल नहीं हो सकी, जिससे लचोड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भाजपा जिला चंबा के सोशल मीडिया सह-संयोजक रविंदर कुमार ने इसे प्रदेश सरकार और परिवहन मंत्री के दावों की पोल बताते हुए निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

रविंदर कुमार ने कहा कि कई दिनों से चंबा-अथेड़ रूट पर नियमित बस नहीं चल रही है। लोगों की लगातार शिकायतों के बाद सोमवार को बस भेजी गई, लेकिन मंगलवार को फिर सेवा बाधित रही। इसके चलते लचोड़ी तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा मांझली, सेरी, करवाल और ग्वालू पंचायतों के लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने आरोप लगाया कि परिवहन मंत्री विधानसभा में जिले में बसों की कोई कमी न होने का दावा करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि चंबा जिले के कई रूटों पर बसें नियमित रूप से नहीं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन सड़कों पर खराब बसें खड़ी दिखाई देती हैं और एचआरटीसी की स्थिति पहले कभी इतनी खराब नहीं रही। रविंदर कुमार ने परिवहन मंत्री से चंबा डिपो के स्वीकृत रूटों और उन पर नियमित रूप से संचालित बसों का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

**बस नहीं है, कहां से भेजूं :** चंबा-अथेड़ रूट पर बस सेवा बाधित रहने के संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) चंबा ईशान ठाकुर ने बताया कि मौसम के कारण बस ब्रेकडाउन हो गई है। उन्होंने कहा, ऋहमारे पास बस नहीं है, तो मैं कहां से भेजूं। उनके अनुसार उपलब्ध बसों की कमी के कारण सेवा प्रभावित हुई है।




## राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस आज आस्था की राजनीति कर रही, जनता सब जानती है :कंगना रनौत

### मंदिरों के धन पर सरकार ने जताया अधिकार, अब राम मंदिर पर राजनीति करना कांग्रेस का दोहरापन : कंगना रनौत

» प्रथम न्यूज । शिमला
08 जुलाई ( बी.शर्मा )



शिमला, मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश में भगवान श्रीराम और राम मंदिर को लेकर एक राजनीतिक एजेंडा खड़ा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे इसमें पूरी तरह विफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, वही आज राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है। प्रदेश और देश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को अच्छी तरह पहचान चुकी है।

कंगना रनौत ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं और राम मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को प्राथमिकता दी और राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधाएं खड़ी करने का प्रयास किया। आज जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है और देश की जनता उससे भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है, तब कांग्रेस अपने राजनीतिक हित साधने के लिए उसी विषय का सहारा लेने का प्रयास कर रही है।


उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार का आचरण भी जनता के सामने है। सरकार ने मंदिरों की संपत्ति और मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में उपयोग करने का प्रयास किया तथा देवस्थानों के संसाधनों पर अधिकार जताने की कोशिश की। ऐसे में अब कांग्रेस नेताओं का राम मंदिर और धार्मिक आस्था की बातें करना केवल राजनीतिक अवसरवाद का परिचायक है।

सांसद कंगना रनौत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और देश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रही है। भाजपा ने कभी भी आस्था को वोट बैंक की राजनीति का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान के रूप में सम्मान दिया है।

उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति और उसके वास्तविक चरित्र को भली-भांति समझ चुकी है। प्रदेश के लोग विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति चाहते हैं, न कि धार्मिक भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास। कांग्रेस को अपनी विफलताओं पर जवाब देना चाहिए, न कि राम मंदिर जैसे पवित्र विषय पर राजनीति करनी चाहिए।

## कांग्रेस सरकार के चार वर्षों की विफलताओं की चार्जशीट जनता के सामने लाएगी भाजपा : डॉ. राजीव भारद्वाज

» प्रथम न्यूज । शिमला
08 जुलाई ( बी.शर्मा )



धर्मशाला। भाजपा सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के लगभग चार वर्षों के कार्यकाल की विस्तृत चार्जशीट प्रदेश की जनता के समक्ष प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और जनविरोधी निर्णयों ने प्रदेश को पीछे धकेलने का काम किया है, जिसका पूरा लेखा-जोखा भाजपा जनता के सामने रखेगी।

डॉ. भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग चार वर्षों में प्रदेश में सूटकेस वाली सरकार का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान जनहित के बजाय सत्ता बचाने और अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने में लगा रहा, जिसके कारण प्रदेश के विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जल, थल और आकाश-हर क्षेत्र में घोटालों के आरोप सामने आए हैं। भाजपा इन सभी मामलों का तथ्यों और प्रमाणों सहित खुलासा अपनी चार्जशीट में करेगी, ताकि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की कार्यशैली और कथित भ्रष्टाचार की वास्तविक तस्वीर देख सके।

भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले प्रदेश के युवाओं को लाखों रोजगार और एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन आज तक उन वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि किसी को पक्की नौकरी मिली है तो वह केवल उपमुख्यमंत्री की बेटी को मिली है, जबकि प्रदेश का लाखों युवा आज भी रोजगार की प्रतीक्षा कर रहा है।

डॉ. राजीव भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की सरकार जनता के हितों के बजाय दिल्ली में बैठे अपने आलाकमान को खुश करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है, लेकिन कांग्रेस सरकार केवल सत्ता बचाने और राजनीतिक प्रबंधन में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रस्तावित चार्जशीट कांग्रेस सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल का दस्तावेज होगी, जिसमें सरकार की कथित विफलताओं, भ्रष्टाचार, टूटे हुए चुनावी वादों और जनविरोधी निर्णयों का विस्तृत विवरण होगा। भाजपा इस चार्जशीट को लेकर प्रदेशभर में जनता के बीच जाएगी और कांग्रेस सरकार को उसके प्रत्येक वादे एवं प्रत्येक कथित घोटाले का जवाब देने के लिए मजबूर करेगी।

# बद्दी तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में ड्रग एब्यूज डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» प्रथम न्यूज । बीबीएन
08 जुलाई ( तारा )




बद्दी तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को ड्रग एब्यूज डे के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अजय पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अंजना शर्मा, काउंसलर, आईसीटीसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएच) बद्दी ने भी विद्यार्थियों के साथ नशे से संबंधित संवादात्मक सत्र आयोजित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। इस प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कोपा (कोपा) ट्रेड की छात्रा प्रीति एवं छात्र राहुल ने नशामुक्ति विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। दोनों विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से साथियों को नशे से दूर रहकर अपने जीवन, परिवार और भविष्य को सुरक्षित एवं सफल बनाने का संदेश दिया। उनके प्रेरणादायक भाषण की कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सराहना की।

संस्थान के प्रधानाचार्य जयदीप अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने जीवन में अनुशासन, शिक्षा तथा अच्छे संस्कारों को अपनाकर नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए।

वहीं बद्दी इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विजय अरोड़ा ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। संस्थान के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विशाल सिंह, अकाउंट्स एवं एडमिन मैनेजर ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों, चिकित्सकों, सभी वक्ताओं, विद्यार्थियों तथा संस्थान के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी का धन्यवाद करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी ने संदेश दिया कि नशे से दूरी ही सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

## बिलासपुर में राज्य स्तरीय डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर, ( जितेंद्र गौतम )**- जिला बिलासपुर के यूको आरसेटी परिसर में नेशनल एकेडमी ऑफ रूडसेटी, बेंगलुरु के असेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन वर्टिकल के तत्वावधान में राज्य स्तरीय 8वें डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न आरसेटी संस्थानों से आए 60 डोमेन स्किल ट्रेनरों ने भाग लिया, जिनकी तकनीकी दक्षता, व्यावसायिक ज्ञान और प्रशिक्षण क्षमता का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मूल्यांकन एवं प्रमाणन किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों की सफलता प्रशिक्षकों की गुणवत्ता और दक्षता पर निर्भर करती है। प्रशिक्षक ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



उन्होंने कहा कि प्रमाणन कार्यक्रम प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार करने के साथ-साथ उनकी तकनीकी क्षमता और प्रशिक्षण कौशल को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रमाणित प्रशिक्षक प्रदेश के विभिन्न आरसेटी केंद्रों में युवाओं, महिलाओं और इच्छुक उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इससे नए उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है और ऐसे कार्यक्रम युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन, कृषि उद्यमिता, डेयरी फार्मिंग, मशरूम उत्पादन, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी, महिला टेलरिंग, कम्प्यूटरीकृत लेखांकन, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमिता सहित 20 से अधिक रोजगारपरक ट्रेड शामिल किए गए। इस अवसर पर डिप्टी नेशनल कंट्रोलर पद्मावती, लीड बैंक मैनेजर चंद्रशेखर, यूको आरसेटी निदेशक अजय शर्मा तथा विभिन्न आरसेटी संस्थानों के प्रशिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्विट्ज़रलैंड ने बिना गोल किए ही कोलंबिया को हराया

# 72 साल बाद क्वार्टर-फाइनल में एंट्री

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हर राउंड में कोई न कोई टीम इतिहास रच रही है और सालों पुराने जख्म भर रही है. प्री-क्वार्टर फाइनल के अपने मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ मिस्र ऐसा करने के बेहद करीब आकर चूक गई. मगर इस राउंड के आखिरी मैच में स्विट्ज़रलैंड ने 72 साल का इंतजार खत्म कर दिया. कोलंबिया के खिलाफ मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज की और 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. स्विट्ज़रलैंड की जीत के स्टार करीब साढ़े 6 फीट लंबे गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल रहे, जिन्होंने शूटआउट में पेनल्टी बचाई.

**दो घंटे तक नहीं लगा कोई गोल**

वैंकूवर में खेला गया ये मुकाबला राउंड ऑफ 16 का आखिरी मैच था. इस मैच के विजेता से ही क्वार्टर फाइनल की लाइन-अप पूरी होनी थी. मगर इस मैच के विजेता का फैसला होने में ही करीब ढ़ाई घंटे का वक्त लग गया. अपने कुछ स्टार खिलाड़ियों के बिना खेल रही दोनों टीमों को इस पूरे मैच में गोल दागने में सफलता नहीं मिली. साउथ अमेरिकी टीम कोलंबिया ने इस मैच में अपने यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी पर काफी दबाव




बनाया लेकिन पूरे 90 मिनट के खेल में वो गोल का मुंह नहीं देख सकी.

इसकी वजह बने स्विस गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल, जिन्होंने शुरुआती 90 मिनट में दो बेहतरीन सेव किए. वहीं स्विट्ज़रलैंड ने भी कुछ मौके बनाए लेकिन वो भी गोल करने में नाकाम रही. फिर एक्सट्रा टाइम में मैच गया और यहां भी 30 मिनट तक दोनों टीम नाकाम रही. एक बार फिर कोबेल ने कमाल दिखाते हुए कोलंबियाई हमले को नाकाम कर दिया. कुल मिलाकर 120 मिनट के खेल में कोलंबिया ने 15 बार स्विट्ज़रलैंड के गोल पर अटैक किया, जिसमें से 3 ही शॉट निशाने पर लगे. मगर तीनों को गोलकीपर ने नाकाम कर दिया.

**गोलकीपर ने खत्म किया 72 साल का इंतजार**

आखिर में फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ और ये बहुत खास था. स्विट्ज़रलैंड के 28 साल के गोलकीपर कोबेल पहली बार किसी शूटआउट का हिस्सा बन रहे थे. आंकड़े बताते हैं कि अपने प्रोफेशनल करियर में इस मैच से पहले उन्होंने 57 बार अलग-अलग पेनल्टी का सामना किया, जिसमें से 10 ही वो बचा सके थे. मगर अपने पहले ही शूटआउट में वो स्टार साबित हुए.

कोलंबिया के लिए दूसरी ही पेनल्टी पर डेविनसन सांचेज चूक गए और उनका शॉट गोलपोस्ट पर लगा. वहीं स्विट्ज़रलैंड के लिए तीसरी पेनल्टी लेने आए मैनुएल अकांजी भी चूक गए. शुरुआती 3-3 पेनल्टी के बाद स्कोर 2-2 की बराबरी पर था. फिर कोलंबिया की चौथी पेनल्टी घातक साबित हुई. कूचो हर्नांडेज की इस पेनल्टी को गोलकीपर कोबेल ने जबरदस्त डाइव के साथ रोक दिया, जिसके बाद स्विट्ज़रलैंड ने अगली दोनों पेनल्टी दागकर ये शूटआउट 4-3 से जीत लिया और 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.

# भारतीय बल्लेबाज तो फ्लॉप हुए ही, मगर कोच गौतम गंभीर के ये फैसले भी बने हार की वजह

लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के कुछ ही महीनों के बाद टीम इंडिया इस फॉर्मेट में सवालों से घिरी नजर आ रही है. मार्च 2026 में वर्ल्ड कप जीतने के बाद पहली बार मैदान पर उतरी भारतीय टीम को लगातार 5 मैच में से 4 में शिकस्त मिली है, जबकि 1 रद्द हुआ है. खास तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में जैसी शिकस्त मिली, उसने झकझोर कर रख दिया है. इस मैच में भारत की विस्फोटक बल्लेबाजी 'टांय-टांय फिस्स' रही थी. मगर नॉटिंघम की उस हार में बैटिंग ऑर्डर को लेकर कोच गौतम गंभीर के अजीब फैसलों ने भी इस शिकस्त में बड़ी भूमिका निभाई. आयरलैंड से टी20 सीरीज में मिली चौंकाने वाली के बाद यही कहानी अब इंग्लैंड में भी रिपीट हो रही है.

पहले टी20 तो बारिश से धुल गया लेकिन दूसरे में टीम इंडिया स्कोर डिफेंड नहीं कर पाई. वहीं नॉटिंघम में तीसरे मैच में वो सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई और 125 रन से हार गई. ऐसी शिकस्त से बल्लेबाजी पर सवाल उठने लाजिमी हैं क्योंकि इसमें एक से बढ़कर एक विस्फोटक बल्लेबाज हैं. मगर बल्लेबाजों की नाकामी के अलावा बैटिंग ऑर्डर में हर्षित राणा और अक्षर पटेल को प्रमोट करने के फैसले भी चौंकाने वाले रहे.

**बैटिंग ऑर्डर में छेड़छाड़ बनी नुकसानदायक**

भारतीय टीम ने तीसरे ओवर तक ही 3 विकेट गंवा दिए थे. ऐसे वक्त में आम तौर पर उप-कप्तान तिलक वर्मा को आना चाहिए था लेकिन कोच गंभीर ने अक्षर पटेल को प्रमोट करते हुए पांचवें नंबर पर भेज दिया. मगर ये फैसला भी काम नहीं आया और अगले ही ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ अक्षर पटेल भी पवेलियन लौट गए. यानि 5 ओवर में 5 विकेट गिर गए थे. अब उम्मीद थी कि शिवम दुबे को बैटिंग के लिए भेजा जाएगा लेकिन फिर अजीबोगरीब फैसला लिया गया और टीम के एक नियमित बल्लेबाज की जगह बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा को भेज दिया गया. बतौर लोअर ऑर्डर बल्लेबाज, हर्षित राणा के पास बैटिंग की काबिलियत है और वो आखिरी ओवर्स में तेजी से रन बटोर सकते हैं. मगर जब 5 ओवर में 52 रन पर ही 5 विकेट गिर गए हों तो शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज को भेजना समझदारी भरा फैसला होता.

**गंभीर के कंधों पर हार की जिम्मेदारी**

कुल मिलाकर बैटिंग ऑर्डर से छेड़छाड़ और बल्लेबाजों के रोल को लेकर अनिश्चितता ने भी टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ाई है. खराब शॉट या परिस्थितियों को समझने की नाकामी का ठीकरा तो बल्लेबाजों को सिर फोड़ा जा सकता है लेकिन इस तरह के फैसलों की जिम्मेदारी सिर्फ एक शख्स के कंधों पर आती है और वो हैं हेड कोच गौतम गंभीर. जाहिर तौर पर गंभीर भी सवालों के घेरे में हैं और वर्ल्ड कप जीतने के बावजूद उनके कोचिंग के तरीकों पर संदेह किया जा रहा है.




# संजू सैमसन प्लेइंग-11 में लौटने वाले हैं? गौतम गंभीर ने हार के बाद जो कहा वो बहुत खास है

एक और मैच, एक और हार... टीम इंडिया का यूके दौरा बस इसी तरह गुजर रहा है. आयरलैंड में 2 मैच और अब इंग्लैंड में भी 2 टी20 मैच टीम इंडिया हार चुकी है. उसकी ताजा हार सबसे ज्यादा चौंकाने वाली है, जहां 202 रन के लक्ष्य के जवाब में पूरी टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई. जाहिर तौर पर टीम इंडिया की बैटिंग फिर कठघरे में है. खास तौर पर संजू सैमसन एक बार फिर इस चर्चा के केंद्र में हैं. क्या उनकी टीम में वापसी होगी? तीसरे टी20 के बाद कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया कि सैमसन के लिए दरवाजे बंद नहीं हैं और वो इस सीरीज में वापसी कर सकते हैं.

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाने वाले सैमसन के लिए आयरलैंड और इंग्लैंड का दौरा अच्छा नहीं गुजरा. इस दौरे पर उन्हें लगातार 3 मैच में मौका मिला और उनके स्कोर सिर्फ 5, 0 और 1 रन रहे. तीनों मुकाबलों में वो पहले या दूसरे ओवर में ही पवेलियन लौट गए थे. इसके कारण उन्हें ड्रॉप करने की मांग भी हो रही थी ताकि वैभव सूर्यवंशी



को मौका दिया जा सके. मगर इस फैसले से भी हालात नहीं बदले.

**सैमसन की वापसी पर क्या बोले गंभीर?**

नॉटिंघम में खेले गए तीसरे टी20 मैच में टीम इंडिया 125 रन से हारी, जिसमें शुरू से लेकर अंत तक, सभी बल्लेबाजों ने सरेंडर कर दिया. ऐसे में जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच गौतम गंभीर आए तो उनसे सैमसन को ड्रॉप करने और टीम में वापसी को लेकर सवाल हुआ. गंभीर ने भी सीधा जवाब दिया कि टी20 वर्ल्ड कप में संजू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता लेकिन कभी-कभी फॉर्म को भी ध्यान में रखना पड़ता है. गंभीर ने कहा, ऐसा कोई तय नियम नहीं है कि संजू इस सीरीज में दोबारा वापसी नहीं कर सकते. मगर सबसे अहम बात ये है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में नतीजे सबसे अहम हैं और जो भी सबसे अच्छा टीम कॉम्बिनेशन हमें नतीजे दे सकता है, हम उस प्लेइंग-11 को उतारते हैं. और मैं हमेशा से ये मानता रहा हूं कि हर किसी को टीम में अपनी जगह कमानी पड़ती है.



# शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधारों से भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही है प्रदेश सरकार : राजेश धर्माणी






**» प्रथम न्यूज । बिलासपुर**
**08 जुलाई ( जितेंद्र गौतम )**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हड़वाड़ में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार लागू कर भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार गुणवत्तापूर्ण, तकनीक आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

राजेश धर्माणी ने विद्यार्थियों से कहा कि केवल पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही भविष्य का जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र निर्माता है, इसलिए युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक, नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए ज्ञान और नई तकनीकों को सीखने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने विद्यालयों में सीबीएसई पैटर्न लागू किया है तथा पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा सुनिश्चित की गई है, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य नवाचार नीति के तहत युवाओं और विद्यार्थियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विशेष फंड की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि समीक्षा और शिक्षा साथी मोबाइल ऐप के माध्यम से विद्यालयों की डिजिटल मॉनिटरिंग की जा रही है तथा समर्थ योजना के तहत शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यक्तित्व विकास से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मंत्री ने विस्तार से उत्तर देते हुए उन्हें सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।


# हिमाचल में फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र से सरकारी नौकरी का मामला उजागर

**» प्रथम न्यूज । मंडी**
**08 जुलाई ( एएम नाथ )**

हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए फर्जी ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का एक और बड़ा मामला सामने आया है। इस बार शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़ा कर टीजीटी मेडिकल की नौकरी हथियाई गई है। शिकायत मिलने के बाद राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (विजिलेंस) ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

टीजीटी मेडिकल की नियुक्तियां वर्ष 2024 में बैचवाइज आधार पर हुई थीं। प्रारंभिक शिक्षा विभाग में टीजीटी मेडिकल के पदों पर भर्ती के दौरान आरोपितों ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का फर्जी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर मेरिट में स्थान पक्का किया और सरकारी सेवा में प्रवेश पा लिया। विजिलेंस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर चार आरोपितों को रडार पर लिया है। संबंधित पंचायतों और राजस्व विभाग से इन आरोपितों का पूरा रिकॉर्ड तलब किया है। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए, तो आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**14 आयुर्वेदिक डाक्टरों पर भी गिर चुकी है गाज :** यह प्रदेश में इस तरह का पहला मामला नहीं है। इससे पहले 14 आयुर्वेदिक डाक्टरों द्वारा फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी हासिल करने का मामला सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग के बाद अब शिक्षा विभाग में इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आने से हड़कंप मच गया है।



विजिलेंस ने आरोपितों के विरुद्ध मंडी, धर्मशाला और बिलासपुर में मामले दर्ज किए थे। मामला सामने आने के बाद कुछ डाक्टरों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

पिछले कुछ महीनों में विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती हुए अन्य कर्मचारियों के ईडब्ल्यूएस और अन्य आरक्षित श्रेणी के प्रमाणपत्रों को भी खंगाला जा रहा है।

# चंबा की बेटी हिमानी ने रचा इतिहास

## JNU MA हिस्ट्री प्रवेश परीक्षा में EWS श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक-1



**» प्रथम न्यूज । चंबा**
**08 जुलाई ( एएम नाथ )**

प्रतिभा किसी संसाधन या भौगोलिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। इसे सच साबित किया है हिमाचल प्रदेश के आकांक्षी जिला चंबा की होनहार छात्रा हिमानी शर्मा ने। हिमानी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU), नई दिल्ली की एमए इतिहास प्रवेश परीक्षा में EWS श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर न केवल चंबा, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय चंबा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश राठौड़ ने हिमानी को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

हिमानी गत शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय चंबा में बीए अंतिम वर्ष (इतिहास) की छात्रा रही हैं। उन्होंने बिना किसी महंगी कोचिंग या बड़े शहर का सहारा लिए केवल स्वाध्याय (Self Study) और महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की।

इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. मणिराज सिंह राठौड़ ने कहा कि हिमानी की सफलता पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि परिणाम की सूचना मिलने का क्षण उनके लिए बेहद भावुक और ऐतिहासिक था। उनके अनुसार सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र की छात्रा का केवल मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश राठौड़ ने कहा कि हिमानी ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों के सामने भौगोलिक कठिनाइयाँ भी बाधा नहीं बन सकतीं।

उन्होंने इतिहास विभाग के प्रयासों और मार्गदर्शन की भी सराहना की अपनी सफलता का श्रेय हिमानी ने निरंतरता, अनुशासन, स्वाध्याय और इतिहास विभाग के प्रो. मणिराज सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि उनके शिक्षक हमेशा बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करते रहे।

हिमानी की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रशासन और समस्त प्राध्यापकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। चंबा की पहाड़ियों से निकलकर छ्वह तक का उनका यह सफर प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इस अवसर पर प्रो. अविनाश सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुभारम्भ

**अर्की, 8 जुलाई ( योगेश चौहान )-** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारम्भ बुधवार को उत्साह एवं सेवा भावना के साथ हुआ। शिविर का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ शिविर की प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से युवा समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं।



विद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी निधि चौहान ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः योग एवं प्रार्थना सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत स्वयंसेवी श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, जनजागरूकता अभियान तथा सामुदायिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर के भोजन के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों के प्रेरणास्त्रोत व्यक्तियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में स्वयंसेवियों को व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नशा निवारण, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल जागरूकता, आपदा प्रबंधन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र सेवा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह चर्चा, प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।

# जनता ने कांग्रेस को हर चुनाव में दिया जवाब, अब प्रमाणपत्र बांटने की राजनीति छोड़ें विक्रमादित्य : डॉ. राजीव बिंदल

**» प्रथम न्यूज । शिमला**
**08 जुलाई ( बी. शर्मा )**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें भाजपा या उनके नेताओं को किसी प्रकार का प्रमाणपत्र देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 35 वर्षों से हिमाचल प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से लगातार जनप्रतिनिधि के रूप में समाज की सेवा कर रहे हैं और उनका सबसे बड़ा प्रमाणपत्र प्रदेश की जनता का विश्वास है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और स्वयं विक्रमादित्य सिंह को हाल ही में हुए पंचायती राज, नगर निकाय और नगर निगम चुनावों में जनता ने करारा जवाब दिया है। जनता ने कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को नकारते हुए भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनावी पराजय से उत्पन्न हताशा और निराशा में कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन इससे प्रदेश की वास्तविक समस्याएं छिप नहीं सकतीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश की जनता को केवल निराशा, आर्थिक संकट और अव्यवस्था दी है। सबसे बड़ा छल प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ हुआ। चुनाव से पहले कांग्रेस ने पांच लाख रोजगार देने और एक लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन आज तक इन वादों को पूरा करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेश का युवा आज भी सरकार से अपने वादों का हिसाब मांग रहा है, जबकि सरकार जवाब देने के बजाय जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त न्यूज



### लोको पायलट ने समोसे के लिए रोकी ट्रेन? रेलवे का बयान आया

**इंदौर ( ब्यूरो ):** मध्य प्रदेश के इंदौर में समोसे लेने के लिए ट्रेन रोकने का वायरल दावा गलत साबित हुआ है. रेलवे ने पूरे मामले पर सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर जिस घटना को पैसेंजर ट्रेन से जोड़कर प्रचारित किया गया, वह सही नहीं है. रेलवे के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रही ट्रेन पैसेंजर नहीं, बल्कि मालगाड़ी थी. रेलवे ने बताया कि जिस स्थान पर ट्रेन खड़ी थी, वहां रेलवे ट्रैक पर निर्माण कार्य चल रहा था. इसी कारण मालगाड़ी को कुछ घंटों तक वहीं रोकना पड़ा और उसे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं थी. इस दौरान लोको पायलट पास की दुकान पर जाकर समोसे खरीद लाया. रेलवे का कहना है कि ट्रेन पहले से ही परिचालन कारणों से रुकी हुई थी, इसलिए लोको पायलट द्वारा समोसे खरीदने में किसी नियम का उल्लंघन नहीं हुआ. पहले स्थानीय लोगों ने दावा किया था कि इंदौर–महू डेमू ट्रेन यहां नियमित रूप से कुछ मिनट के लिए रुकती है. आरोप था कि लोको पायलट ट्रेन से नीचे उतरकर पास की दुकान से समोसे खरीदता है, जिससे ट्रेन करीब 10 मिनट या उससे ज्यादा लेट हो जाती है. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो क्षेत्र के लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया.

### तमनार पुलिस की कार्रवाई, 24 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ( ब्यूरो ):** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन आघात के तहत थाना तमनार पुलिस ने ग्राम पड़िगांव में छापेमार कार्रवाई कर अवैध महुआ शराब का कारोबार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 24 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की है। दिनांक 07 जुलाई 2026 को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पड़िगांव निवासी भरत यादव अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्ठी की कच्ची महुआ शराब संग्रहित कर बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां शराब पी रहे कुछ लोग पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने अपना नाम *भरत यादव, पिता राजकुमार यादव, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम पड़िगांव, थाना तमनार* बताया। पूछताछ में उसने महुआ शराब रखना एवं बिक्री करना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान एवं बाड़ी से 2–2 लीटर क्षमता की 12 स्प्राइट एवं फेंटा की प्लास्टिक बोतलों में भरी कुल 24 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में महुआ शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

### सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला के घर पुलिस की रेड, कैश जब्त

**रायगढ़ ( ब्यूरो ):** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में जुआ–सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत थाना साइबर एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शहीद चौक क्षेत्र में एक मकान पर छापेमार कार्रवाई कर सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला को सट्टा–पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ते हुए उसके कब्जे से मोबाइल, सट्टा लेखा–जोखा एवं नगदी रकम जब्त की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि शहीद चौक, रायगढ़ में रहने वाली अनिता साहू अपने मकान में गुप्त रूप से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सट्टा–पट्टी का संचालन कर रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मकान में दबिश दी। रेड के दौरान संदेही महिला अनिता साहू घर पर मौजूद मिली। पूछताछ करने पर उसने सट्टा–पट्टी लिखना स्वीकार किया।

## चीन के गांसु में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत, 7 घायल; रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा

» प्रथम न्यूज । बीजिंग
08 जुलाई ( एजेंसी )



उत्तर–पश्चिमी चीन के गांसु प्रांत में हुए भूस्खलन में 21 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को बताया कि घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। सभी घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है।

यह हादसा मंगलवार सुबह गांसु प्रांत के लोंगनान शहर के नान्हे टाउनशिप के रेनजांग गांव में हुआ। अचानक हुए भूस्खलन की चपेट में 33 लोग आ गए थे। इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 21 लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे के तुरंत बाद आपदा राहत, दमकल और पुलिस सहित कई बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने स्थिति को देखते हुए लेवल–3 भू–आपदा रक्षा प्रतिक्रिया लागू कर दी। साथ ही एक स्पेशल वर्किंग ग्रुप भी मौके पर भेजा गया।बचाव अभियान में 345 राहतकर्मियों और 10 खोजी कुत्तों को लगाया गया। मौके पर जेसीबी और अन्य मशीनों से मलबा हटाया गया जबकि एंबुलेंस लगातार तैनात रहीं। बचाव दलों ने लोगों की तलाश, राहत और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का काम भी किया।

गांसु प्रांतीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि जिले में चार आपातकालीन मेडिकल टीमें भेजी गईं। इनमें आईसीयू, ट्रॉमा उपचार और बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक) विशेषज्ञ शामिल थे।

इसके अलावा 13 स्वास्थ्यकर्मियों को भी राहत कार्य में लगाया गया। साथ ही, गांसु प्रांतीय पीपुल्स हॉस्पिटल से क्रिटिकल केयर, ऑर्थोपेडिक्स और सामान्य सर्जरी के तीन विशेषज्ञों को भी मौके पर भेजा गया, ताकि घायलों का बेहतर इलाज किया जा सके।

प्रशासन ने इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया और दूरस्थ परामर्श की सुविधा भी शुरू की।

विशेषज्ञों के अनुसार, चीन भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति बेहद संवेदनशील देश है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि देश का लगभग 69 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी या पठारी क्षेत्र है, जहां सक्रिय टेक्टोनिक प्लेटें, कमजोर मिट्टी और मानसून के दौरान होने वाली तेज बारिश अक्सर भूस्खलन जैसी घटनाओं को जन्म देती हैं।

## खान सर की अग्रिम जमानत पर फैसला 10 जुलाई को, पटना कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

» प्रथम न्यूज । पटना
08 जुलाई ( ब्यूरो )



राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट में 2 जून की रात कोचिंग संस्थानों के बीच हुए विवाद और फायरिंग मामले में आरोपी बनाए गए फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पटना सिविल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले में 10 जुलाई को फैसला सुनाएगी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश कुमार देव की अदालत में खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर के साथ उनके तीन सहयोगियों अजीत कुमार, कन्हैया कुमार सिंह और अंकित कुमार पांडेय की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

इसके अलावा मामले में गिरफ्तार दोनों सुरक्षा कर्मियों की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। दोनों फिलहाल बेउर जेल में बंद हैं। अदालत इन सभी याचिकाओं पर 10 जुलाई को अपना निर्णय सुनाएगी।

गौरतलब है कि 2 जून की रात खान सर के कोचिंग संस्थान के पास हुई फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कदमकुआं थाना पुलिस ने फैजल खान और उनके दो सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने फैजल खान की अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए अदालत में दलील दी कि याचिका में उनकी कथित आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी छिपाई गई है। इसके बाद अदालत ने संबंधित रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था और मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई के लिए निर्धारित की थी।

बुधवार को दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अब इस मामले में 10 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का ऐलान- ईरान के साथ खत्म किया समझौता, बोले- 'मुझे उनसे कोई डील नहीं करनी

» प्रथम न्यूज । वॉशिंगटन
08 जुलाई ( एजेंसी )



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ किसी भी तरह की भविष्य की बातचीत और समझौते की संभावना को खारिज करते हुए बड़ा बयान दिया है। अंकारा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ अब कोई समझौता नहीं होगा। हमने यह अध्याय पूरी तरह खत्म कर दिया है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान ने कुवैत और बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर भरोसा न किए जाने की बात कहते हुए कहा, ईरान ने मुझसे झूठ बोला। ऐसे देश के साथ आगे बातचीत का कोई औचित्य नहीं है। उनके साथ डील करना सिर्फ समय की बर्बादी है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका का उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना है। ट्रंप ने कहा, हम तेहरान को परमाणु हथियारों से मुक्त करेंगे। ट्रंप ने यह टिप्पणी तुर्किए की राजधानी अंकारा में आयोजित दो दिवसीय नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान की। उनका बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों पर हुए हमलों के जवाब में ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की है। इस पूरे घटनाक्रम ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा और स्थिरता को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

## पंजाब में ISI समर्थित तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाशः अमृतसर में 3 आरोपी गिरफ्तार; 6 हैंड ग्रेनेड और 12 अवैध पिस्तौल बरामद

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
08 जुलाई ( ब्यूरो )




पंजाब पुलिस ने आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित हथियार एवं विस्फोटक तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। काउंटर इंटेलिजेंस, अमृतसर की टीम ने अभियान चलाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 6 हैंड ग्रेनेड और 12 अवैध पिस्तौल बरामद की गई हैं।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी एक विदेशी तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के विदेश में सक्रिय ऑपरेटिव्स का समर्थन प्राप्त था।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों तक हथियारों और विस्फोटकों की यह खेप पंजाब में आतंक और अशांति फैलाने, कानून–व्यवस्था को प्रभावित करने तथा सार्वजनिक शांति भंग करने के उद्देश्य से पहुंचाई गई थी। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की भी जांच कर रही हैं कि इन हथियारों का इस्तेमाल किन संभावित आतंकी गतिविधियों में किया जाना था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अमृतसर स्थित स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) थाने में आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुटी है।

जांच एजेंसियां मॉड्यूल के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियारों की खेप कहां से आई, इसके पीछे कौन–कौन लोग शामिल हैं और इन्हें आगे किन व्यक्तियों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर जल्द ही इस पूरे मामले का विस्तृत खुलासा कर सकते हैं।

पंजाब पुलिस का कहना है कि राज्य में आतंकवाद और हथियारों की तस्करी के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बदरीनाथ चढ़ावा चोरी मामला : निलंबित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

» प्रथम न्यूज । गोपेश्वर
08 जुलाई ( ब्यूरो )



बदरीनाथ धाम में चढ़ावे से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में निलंबित व्यक्तिगत सहायक प्रमोद नौटियाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभागीय जांच और निलंबन के बाद अब उनके खिलाफ बदरीनाथ थाने में आपराधिक मामला भी दर्ज किया गया है।

बदरी–केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 306 और 316(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान की लिखित तहरीर के आधार पर 8 जुलाई 2026 को यह मामला दर्ज किया गया।

शिकायत के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया पर बदरीनाथ मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितता से जुड़े वीडियो और सूचनाएं सामने आने के बाद बीकेटीसी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी।

प्रारंभिक जांच में समिति ने प्रथम दृष्टया पाया कि संबंधित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल ने सुबह लगभग 9 बजे से 9:30 बजे के बीच मंदिर परिसर से धनराशि उठाई थी। इसके बाद 7 जुलाई को बीकेटीसी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

समिति का मानना था कि यदि उन्हें पद पर बने रहने दिया जाता तो निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती थी। इसके बाद बीकेटीसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर अब मामले की आपराधिक जांच भी शुरू हो गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। एफआईआर दर्ज होना किसी व्यक्ति के दोषी होने का अंतिम प्रमाण नहीं है। आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच और आगे की न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी।

बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) रांगड़ ने बताया कि समिति की ओर से बदरीनाथ थाने में आरोपी कर्मचारी के खिलाफ विधिक कार्रवाई के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

## पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ में निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

» प्रथम न्यूज । (पुणे)
08 जुलाई ( ब्यूरो )



पुणे से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पिंपरी–चिंचवड़ में बुधवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। वेस्ट–टू–एनर्जी प्रोजेक्ट साइट पर एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इस मलबे के नीचे 15 से 20 मजदूरों के दबे होने की आशंका है, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। मोशी इलाके में चल रहा था काम

बता दें कि यह पूरा प्रोजेक्ट पिंपरी–चिंचवड़ नगर निगम sकी ओर से मोशी इलाके में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जब यह हादसा हुआ, तब इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था और मजदूर वहां काम कर रहे थे। तभी अचानक ढांचा ताश के पत्तों की तरह ढह गया।

**मौके पर पहुंचीं राहत टीमें:** हादसे की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। मलबे को हटाने और नीचे फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए आपातकालीन टीमें लगातार काम कर रही हैं। पिंपरी–चिंचवड़ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं और खुद बचाव कार्य पर नजर रखे हुए हैं। घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में पहुंचाने के लिए मौके पर कई एम्बुलेंस को स्टैंडबाय (तैयार) पर रखा गया है।

**जांच के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था:** गौरतलब है कि हादसा किस वजह से हुआ, इसके सटीक कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना और उन्हें तुरंत इलाज मुहैया कराना है। मलबे के पूरी तरह हटने के बाद ही हताहतों या घायलों की सही संख्या की आधिकारिक पुष्टि हो पाएगी।

# अटल एक्सप्रेसवे को फिर मिली रफ्तार

### कोटा-ग्वालियर-इटावा को जोड़ने वाली 15 हजार करोड़ की परियोजना दोबारा शुरू होगी

### गडकरी ने राजस्थान के लिए खोला विकास का पिटारा, दरा में 551 करोड़ की एलिवेटेड रोड को भी मंजूरी



» प्रथम न्यूज । कोटा
08 जुलाई ( एजेंसी )

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान दौरे के दौरान राज्य के लिए कई बड़ी सड़क एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कोटा से इटावा (उत्तर प्रदेश) तक प्रस्तावित चंबल एक्सप्रेसवे का नाम अब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में अटल एक्सप्रेसवे रखा गया है और इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य जल्द दोबारा शुरू किया जाएगा। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराएगी। एक्सप्रेसवे का मार्ग ग्वालियर से होकर गुजरेगा तथा झालावाड़ और भवानीमंडी को भी इससे जोड़ा जाएगा। तकनीकी कारणों से रुकी परियोजना को अब फिर गति देने की तैयारी की जा रही है।

गोपालपुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहा, आप मांगते–मांगते थक जाएंगे, मैं देते–देते नहीं थकूंगा।

उन्होंने कोटा–दिल्ली–मुंबई–बारां–भानपुरा मार्ग पर 51 किलोमीटर फोरलेन सड़क विकसित करने की घोषणा भी की। साथ ही दरा क्षेत्र में 551 करोड़ रुपये की लागत से 10 किलोमीटर एलिवेटेड रोड के निर्माण को मंजूरी देते हुए कहा कि इसका काम अगले तीन महीनों में शुरू कर दिया जाएगा।

गडकरी ने कहा कि करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे में जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां तेजी से कार्य किया जाएगा। उनका दावा है कि भविष्य में दिल्ली से मुंबई की यात्रा लगभग 12 घंटे में पूरी करना संभव होगा, जिससे देश की सड़क संपर्क व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

# टीबी मुक्त अभियान से जुड़ेंगे युवा और NCC कैडेट : नड्डा

### रक्षा और खेल मंत्रालय निभाएंगे अहम भूमिका

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
08 जुलाई ( ब्यूरो )



भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए अब युवाओं, मेडिकल छात्रों, एनसीसी कैडेट और रक्षा कर्मियों को भी जोड़ा जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक हाई लेवल बैठक की, जिसमें ये तय हुआ कि अब स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अलावा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय मिलकर काम करेंगे, ताकि इसे जन–जन का अभियान बनाया जा सके।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए केवल स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसमें सभी मंत्रालयों, सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल की प्रगति (PRAGATI) बैठक में कहा था कि भारत के युवाओं की ताकत का उपयोग कर टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए। इसी को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहल करते हुए पूरे सरकारी तंत्र के सहयोग से टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने का निश्चय किया है।

युवा मंत्रालय को दी गई जिम्मेदारी

स्वास्थ्य मंत्री ने युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय से कहा कि माय भारत स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी बढ़ाई जाए और पहले से चल रहे टीबी मुक्त भारत टोली मॉडल का विस्तार हो। गांवों और शहरों में टीबी जांच शिविरों के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। साथ ही लीड निक्षय मित्र तैयार करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को मजबूत बनाया जाए. इसके अलावा स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में युवाओं के माध्यम से टीबी जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

रक्षा मंत्रालय से कहा गया कि एनसीसी कैडेट और रक्षा कर्मी टीबी जागरूकता रैलियों में भाग लें। टीबी जांच शिविरों में लोगों को जोड़ने में मदद करें और मरीजों के परिवारों तक जानकारी पहुंचाएं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता अभियान में सहयोग देने के अलावा एनसीसी प्रशिक्षण शिविरों, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, एडवेंचर कैंप और ग्रामीण कार्यक्रमों में टीबी जागरूकता को शामिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय से कहा है।